CMYK

हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...



वर्ष: 14, अंक: 64 पृष्ठ :8

www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, गुरुवार 22 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50

# योगी आदित्यनाथ बोले, प्रयागराज कुंभ से पहले पूरा हो अविरल गंगा का संकल्प

## गंगा जी व सहायक नदियों को अविरल-निर्मल बनाने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में संचालित 'नमामि गंगे' परियोजना के अत्यंत संतोषप्रद परिणाम देखने को मिले: मुख्यमंत्री

संवाददाता ब्यूरो

- आगामी 30 दिसम्बर को राष्ट्रीय गंगा परिषद की प्रस्तावित द्वितीय बैठक के लिए आवश्यक तैयारी समय से पूरी कर ली जाए
- प्रयागराज महाकुम्भ 2025 के प्रारम्भ होने से पहले तक गंगा को अविरल-निर्मल बनाने का संकल्प पूर्ण करना होगा
- अर्थ गंगा अभियान' का सर्वाधिक लाभ उन करोड़ों लोगों को होगा, जिनकी आजीविका गंगा नदी पर ही निर्भर
- जीरो बजट वाली प्राकृतिक खेती के अच्छे परिणामों के तुलनात्मक रिपोर्ट के साथ किसानों को जागरुक किया जाए
- गंगा नदी के दोनों तटों पर 05-05 किलोमीटर तक प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है, प्राकृतिक खेती के अभियान से अधिकाधिक किसानों को जोड़ा जाए



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ मेले से पहले गंगा को अविरल-निर्मल करने के संकल्प को पूरा करना होगा। मुख्यमंत्री ने बुधवार को 'नमामि गंगेश् परियोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि गंगा का सबसे बड़ा प्रवाह क्षेत्र उत्तर प्रदेश में है। यह हमारी आस्था का केंद्र तो है ही, साथ ही अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार भी है। गंगा और उसकी सहायक नदियों को अविरल-निर्मल बनाने के संकल्प के साथ जारी 'नमामि गंगे परियोजनाश् के संतोषजनक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ-2025 के शुरू होने से पहले तक गंगा को अविरल-निर्मल बनाने का संकल्प पूरा करना होगा। नदियों को सीवरेज की गंदगी से बचाने और उनके पानी को विषाक्त होने से रोकने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाए जाने की कार्यवाही में तेजी लाई जाए।बैठक में योगी ने कहा कि अर्थ गंगा अभियान का सर्वाधिक लाभ उन करोड़ों लोगों को मिलेगा, जिनकी आजीविका गंगा पर ही निर्भर है। अर्थ गंगा से सकल घरेलू उत्पाद में तीन प्रतिशत का योगदान होने के लक्ष्य के साथ हमें ठोस प्रयास करने होंगे। विशेषज्ञों की सहायता से इसे एक मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास किए जाएं।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय में इजाफा करने और कीटनाशक रूपी जहर से मुक्त खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार गंगा के दोनों तटों पर पांच-पांच किलोमीटर तक प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के 27 जिले गंगा से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, बुंदेलखंड के सात जिलों में प्राकृतिक खेती के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। वर्तमान में लगभग 85 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती हो रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में अब तक 66,180 हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक खेती के तहत लाया गया है। एक लाख से अधिक किसान जैविक खेती से लाभान्वित हो रहे हैं। सभी किसानों को भारत सरकार के जैविक खेती पोर्टल से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जैविक उत्पादों की पहचान करने और गुणवत्ता सुनिश्चित के लिए सभी मंडल मुख्यालयों पर प्रयोगशाला की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि सभी कृषि मंडियों में जैविक उत्पाद के आउटलेट भी स्थापित किए जाएं। योगी ने गंगा के किनारे स्थित तीर्थ क्षेत्रों और ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों में पर्यटन की नयी संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां एडवेंचर टूरिज्म, वॉटर स्पोर्ट टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। हमें यहां रिवर क्रुज टूरिज्म, वॉटर स्पोर्टकैंपिंग सुविधाओं के साथ वन्य जीव पर्यटन के मॉडल को विकसित करना चाहिए। योगी ने आगामी 30 दिसंबर को प्रस्तावित द्वितीय राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक की तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश भी दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### एटा में फर्जी एनकाउंटर मामले में सीओ समेत नौ को सजा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के एटा एनकाउंटर का मामला सामने आया है। सीबीआई कोर्ट ने 05 पुलिसकर्मियों को सजा सुनाई है। 05 पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। पवन सिंह समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी गई है। इस मामले में पवन सिंह, पाल सिंह ठेनवा, राजेंद्र प्रसाद, सरनाम सिंह और मोहकम सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। दोषियों पर 33-33 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। हत्या और सबूत मिटाने के संबंध में इन्हें दोषी करार दिया गया है। 04 दोषी पुलिस कर्मियों को 5-5 साल की सजा सुनाई गई है।बलदेव प्रसाद, सुमेर सिंह को 5-5 साल की सजा सुनाई गई है। इनके अलावा अजय कुमार,अवधेश रावत को भी 5-5 साल की सजा सुनाई गई है। सबूत मिटाना और कॉमन इंटेंशन के तहत सभी को सजा हुई है।

### मणिपुर में दो स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त, नौ छात्रों की मौत, 40 के जख्मी होने की खबर

**इम्फाल।** मणिपुर के नोनी जिले में बुधवार को दो स्कूल बस के पलट जाने से नौ छात्रों की मौत हो गई। इस दौरान 40 अन्य घायल भी हुए हैं। दुर्घटना राज्य की राजधानी इंफाल से करीब 55 किलोमीटर दूर पहाड़ी जिले के लोंगसाई इलाके के पास ओल्ड कछार रोड पर हुई। जानकारी के मुताबिक, थम्बलनू हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र दो बसों में नोनी जिले के खौपुम के वार्षिक स्कूल अध्ययन दौरे पर गए। जिस बस में छात्राएं सफर कर रही थीं, चालक के नियंत्रण खो देने के बाद वह पलट गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर संभव मदद और सहायता प्रदान की जाएगी। मृतक छात्रों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि आज ओल्ड कछार रोड पर स्कूली बच्चों को ले जा रही एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ।

### अब एयरपोर्ट पर स्कैनिंग के लिए बैग से नहीं निकालने होंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण


**नई दिल्ली।** नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने देश के हवाई अड्डों पर कंप्यूटर टोमोग्राफी तकनीक पर आधारित स्कैनर लगाने की सिफारिश की है। इससे यात्रियों को स्कैनर से गुजरने से पहले अपने सामान से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वर्तमान में, हवाई अड्डों पर लगे स्कैनर बैग के अंदर के सामान की टू-डी तस्वीर दिखाते हैं। बीसीएएस के संयुक्त महानिदेशक जयदीप प्रसाद ने बुधवार को कहा कि विमानन सुरक्षा नियामक ने हवाई अड्डों पर कंप्यूटर टोमोग्राफी तकनीक पर आधारित स्कैनर स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है, जो बैग में रखे सामान की थ्री-डी तस्वीर दिखाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्कैनर से यात्रियों को अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बैग से बाहर निकालने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्कैनर लगाने से हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच की प्रक्रिया में तेजी लाने में भी मदद मिलने की उम्मीद है।

# नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकला हूं: राहुल गांधी

## हमारी विचारधारा के लोग बाहर निकलकर देश में मोहब्बत फैलाना शुरू कर देते है

एजेंसी

- आजकल नेताओं के बीच में और जनता के बीच में खाई बन गई है



**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक संबोधन में बुधवार को राहुल गांधी ने कहा कि हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं। जब भी ये लोग देश में नफरत और हिंसा फैलाने की कोशिश करते हैं, हमारी विचारधारा के लोग बाहर निकलकर देश में मोहब्बत फैलाना शुरू कर देते हैं। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि किसी ने आज मुझसे कहा आप देश के तपस्वी हो तो, मैं कहता हूं कि मैं कोई तपस्वी नहीं हूं। मुझसे बड़े तपस्वी वह लोग हैं, जो हर लोग रोज सुबह 4:00 बजे उठकर मजदूरी के लिए निकलते हैं, खेतों में काम करते हैं। मैंने कोई बड़ा काम नहीं किया है कि हम कन्याकुमारी से कश्मीर चल दिए। इससे कई ज्यादा बड़ा काम हर रोज इस देश के गरीब लोग, किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार सब करते हैं। आगे राहुल गांधी ने कहा, मैं हर पार्टी की बात कर रहा हूं। आजकल नेताओं के बीच में और जनता के बीच में खाई बन गई है। नेता सोचते हैं कि जनता को उनके भाषण सुनने की आदत बन गई है। और घंटों लंबे भाषण देते हैं, इस यात्रा ने उसको बदलने की कोशिश की है, 7-8 घंटे हम चलते हैं। और हमारे सारे के सारे नेता किसानों की, मजदूरों की, गरीबों की, छोटे दुकानदारों की, सब की बात सुनते हैं। और 7-8 घंटे चलने के बाद सब से मिलते हुए सब की बात सुनने के बाद हम 15 मिनट भाषण देते हैं। मुझे यह सुनकर बड़ी खुशी हुई है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री राजस्थान के पीसीसी प्रेसिडेंट ने यह निर्णय लिया है कि महीने में एक बार राजस्थान की कैबिनेट राजस्थान के सब नेता 15 किलोमीटर चलकर जनता के बीच में जाकर उनकी बात सुनकर जनता के लिए काम करेंगे । और मैं कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी से कहूंगा कि जहां भी हमारी सरकार है। हमारे कैबिनेट को हमारे विधायकों को हमारे नेताओं को महीने में कम से कम एक दिन सड़कों पर निकल कर चलना चाहिए, धक्के खाना चाहिए, गिरना चाहिए अपने घुटने छिलवाना चाहिए। जनता से मिलकर जनता की बात सुनना चाहिए।

# भाजपा सरकार निवेश के नाम पर प्रदेश की जनता को गुमराह न करे: अखिलेश

संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार निवेश के नाम पर प्रदेश की जनता को गुमराह न करे। पूरा राज्य मंत्रिमण्डल और आला अफसर पिछले दिनों विदेशों में निवेश के लिए रोड-शो में व्यस्त रहे हैं, परन्तु अब तक सिर्फ कागजी एमओयू ही बटोरे जा सके हैं। वैसे भाजपा सरकार का इस मामले में पिछला ट्रैक रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। पिछले पांच वर्षो में निवेश के लिए कई इन्वेस्टमेंट समिट हुई लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा है। न कहीं उद्योग लगे, न युवाओं को रोजगार मिला। भाजपा सब्जबाग तो खूब दिखा रही है पर जमीन पर कुछ नज़र नहीं आया। भाजपा वादा तो खूब करती है पर निभाती नहीं है। भाजपा ने 2022 तक किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था, किसानों की आय अभी तक दुगनी तो क्या हुई? उनका रहा-सहा जीवन भी संकटग्रस्त हो चुका है। भाजपा सरकार की जब सार्वजनिक किरकिरी होने लगी तो अब वह किसानों की आय दोगुनी करने के वादे को निभाने का ठेका फ्रांस की एक कम्पनी से करार करने जा रही है। भाजपा सरकार ने अपनी नाकामी छुपाने के लिए किसानों की आय दोगुनी करवाने के लिए किसान कनेक्ट प्लेटफार्म इनोटरा की स्थापना के लिए फ्रांस की इनोटेरा एजी के सीईओ पासकल कोहेन के साथ एमओयू साइन किया है।

# सरकार किसानों को '56 इंच का सीना दिखाती है, लेकिन चीन के आगे '0.56 इंच: संजय सिंह

एजेंसी

- संसद भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने चीन के साथ सीमा पर तनाव के मुद्दे पर संसद में चर्चा नहीं करने के लिए बुधवार को सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन किसानों को तो अपना ''56 इंच का सीना दिखाता है लेकिन चीन के सामने यह ''0.56 इंच हो जाता है। आप, कांग्रेस और जनता दल (यूनाइटेड) सहित कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अरुणाचल प्रदेश में हालिया चीनी अतिक्रमण और दोनों देशों की सीमा पर तनाव के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए संसद भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया। संजय सिंह ने कहा ''सरकार एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर तनाव के मुद्दे पर इस देश के लोगों के प्रति और संसद के प्रति जवाबदेह है। यह सरकार विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों को 56 इंच का सीना दिखाती है लेकिन चीन के सामने यह 0.56 इंच की हो जाती है।

उन्होंने सवाल किया ''चीन से आयात बढ़ रहा है। सरकार ऐसा क्यों कर रही है? हमारे सैनिकों ने सीमाओं की रक्षा के लिए अपनी जान गंवा दी। फिर सरकार चीन के साथ व्यापार को बढ़ावा क्यों दे रही है?

सात दिसंबर को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद से ही, विपक्षी दल भारत-चीन सीमा पर तनाव और चीनी अतिक्रमण के मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। बुधवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस, भाकपा, माकपा, राजद, जदयू, शिवसेना, द्रमुक और राकांपा समेत 12 विपक्षी दलों के सदस्यों ने भारत-चीन सीमा पर तनाव के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर संसद भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

# वनों को जीवंत एवं स्वस्थ बनाये रखना जरूरी: द्रौपदी मुर्मू




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास के लिए वनों को जरूरी बताते हुए कहा है कि वनों को जीवंत एवं स्वस्थ बनाये रखने में सभी को योगदान देना चाहिए। मुर्मू ने भारतीय वन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास आवश्यक है लेकिन इसके साथ स्थायित्व भी आवश्यक है। उन्होंने कहा, ÷ प्रकृति ने हमें भरपूर उपहार दिए हैं तथा यह हममें से प्रत्येक का कर्तव्य है कि हम पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी बनें।

## केंद्र और राज्यों को मिलकर लड़नी है ये लड़ाई

# नशा मुक्त भारत के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: अमित शाह

एजेंसी

- नशीली दवाओं के कारोबार और इस से होने वाली कमाई के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थो के कारोबार को 'सीमा रहित अपराध करार देते हुए बुधवार को कहा कि सरकार की नशीली दवाओं के कारोबार और इस से होने वाली कमाई के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है तथा इस लड़ाई को केंद्र और राज्य सहित सभी को मिलकर लड़ना होगा। शाह ने कहा, ''नशा मुक्त भारत के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह लड़ाई केंद्र या राज्य की नहीं बल्कि हम सभी की है और इसके वांछित परिणाम के लिए बहु-आयामी प्रयास आवश्यक हैं।लोकसभा में नियम 193 के तहत ''देश में मादक पदार्थ दुरुपयोग की समस्या और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाये गये कदम विषय पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए शाह ने कहा, ''यह सीमारहित अपराध है। इस अपराध की कोई सीमा नहीं है। कोई भी कहीं से बैठकर मादक पदार्थ भेज देता है और इसमें हमारे बच्चे फंसते है एवं नस्लें बर्बाद होती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ड्रग्स के कारोबार और इस से होने वाली कमाई के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है और इसे तीन हिस्सों में बांट कर लड़ा जा रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि इसमें पहली संस्थागत मजबूती एवं सतत निगरानी, दूसरा एजेंसियों का सशक्तीकरण एवं समन्वय तथा तीसरा विस्तृत जागरूकता एवं पुनर्वास अभियान शामिल है। शाह ने कहा, ''हम सहयोग (कॉओपरेशन), समन्वय (कॉर्डिनेशन) और गठजोड़ (कोलेबरेशन) के त्रिसूत्री सिद्धांत के आधार पर काम कर रहे हैं और जब तक ऐसा नहीं होगा.. हम लड़ाई नहीं जीत पायेंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 'नशामुक्त भारत का लक्ष्य रखा है और इसे हासिल करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी...केंद्र और राज्यों को यह लड़ाई मिलकर लड़नी है। पाकिस्तान से मादक पदार्थ भेजे जाने के कुछ सदस्यों के उल्लेख पर शाह ने कहा कि पाकिस्तान से अभी कोई कारोबार नहीं हो रहा है, ऐसे में सरहद से होकर नशीले पदार्थ नहीं आते हैं, लेकिन वहां से ड्रोन से आते हैं, सुरंग बनाकर भेजा जाता है और बदंरगाहों के रास्ते आता है। उन्होंने कहा कि व्यापार बंद करने का विषय नहीं है बल्कि जो नये-नये तरीके खोजे जाते हैं उनसे निपटना होगा। गृह मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति को स्पष्ट करना चाहता हूं कि जो नशे का सेवन करते हैं, वे इसके पीड़ित हैं और उनके प्रति सहनानुभूति होनी चाहिए और उनकी नशामुक्ति के लिए प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लेकिन जो व्यापार करते हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, उन्हें छोड़ा नहीं जाना चाहिए तथा कानून के शिकंजे में लाना चाहिए और यदि ऐसा नहीं किया जाता तो यह पीड़ित के खिलाफ होगा। शाह ने कहा कि सामाजिक वातावरण तैयार करना होगा कि ताकि जो बच्चा इसमें फंस गया है, वह वापस आ सके और समाज उसे स्वीकार कर ले। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों को मिलकर इस बारे में प्रयास करने की जरूरत है।

### दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी यूपीएससी परीक्षार्थियों को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के ओल्ड राजेंद्र नगर में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में अतिरिक्त प्रयास देने की मांग को लेकर मंगलवार देर रात प्रदर्शन कर रहे करीब 40 अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया। अभ्यार्थी यूपीएससी परीक्षा के लिए अतिरिक्त मौका और कोरोना का हवाला देते हुए उम्र की सीमा में छूट देने की मांग कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ओल्ड राजेंद्र नगर के बड़ा बाजार में लगभग 70 अभ्यर्थी इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और यह कहते हुए कि कोविड महामारी ने पिछले दो वर्षों में उनकी संभावनाओं को बाधित किया है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### इंदिरा चौक पर भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन,पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का फूंका पुतला

**प्रतापगढ़।** पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा दिए गए बयान को लेकर भाजपाइयों में रोष है। बुधवार को भाजपाइयों ने लालगंज नगर पंचायत में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। साथ ही बिलावल भुट्टो के पुतले फूंके और पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी की। इसे लेकर पुलिस सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहे। लालगंज चौराहे पर प्रदर्शन के चलते जाम के हालात रहे। भाजपा की अगुआई में लालगंज सेंटर प्वाइंट पर प्रदर्शन किया गया। इसकी अध्यक्षता बृजेश पांडेय ने की। बताया कि पाकिस्तान के मंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए विवादित शब्दों प्रयोग किया था। बिलावल भुट्टो जैसे लोगों का नाम नहीं लेना चाहता। ये परिवारवाद और वंशवाद के पोषित लोगों में से रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवल भारत के नहीं, बल्कि पूरे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडे ने कहा कि यूएन में हुई किरकिरी से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। कहा कि बिलावल भुट्टो का इस प्रकार का बयान हमारे देश के लोगों का अपमान है। कहीं न कहीं इस प्रकार का बयान जो पाकिस्तान की अंदरुनी राजनीति है। पाकिस्तान की हालत पस्ता है। वहां की अर्थव्यवस्था खोखली हो गई है। पाकिस्तान जिस प्रकार से बरबादी की कगार पर पहुंच गया है। उससे कहीं न कहीं ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नेता ओम प्रकाश तिवारी झुन्ना ने कहा कि दुनिया लंबे समय से प्रधानमंत्री मोदी का काम देख रही है। बिलावल ने जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, वह निंदनीय है। पुतला दहन के मौके पर राजकुमार बरनवाल, राजेश मिश्रा, बृजेन्द्र पाण्डेय, ज्ञानचंद, दिवाकर दुबे, शुभम सिंह, नितेश द्विवेदी, फैसल खान, झुन्ना तिवारी, मिथलेश जायसवाल, अनिल, प्रभाकर, नोबुल, रविंद्र, नितेश सिंह, डेनू, राजेश तिवारी, राजेश्वर यादव, सोनू कौशल आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

### फंक्शनल इंग्लिश में अभिविन्यास कार्यक्रम

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ कंटीन्यूइंग एंड एडल्ट एजुकेशन एंड एक्सटेंशन (सीसीएईई) के तत्वाधान में फंक्शनल इंग्लिश में एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। पाठ्यक्रम के लिए चयनित होने पर छात्रों को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष, प्रोफेसर मोहम्मद आसिम सिद्दीकी ने कहा कि हर दिन कुछ नया सीखने की कोशिश करनी चाहिए और टेलीविजन पर या ऑनलाइन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को देखकर अंग्रेजी भाषा कौशल विकसित किया जा सकता है। सीसीएईई की उप निदेशक, प्रो आयशा मुनीरा रशीद ने कहा कि भाषा सीखने का अभ्यास अन्य संस्कृतियों की समझ को बढ़ावा देता है और बेहतर नौकरी पाने में भी मदद करता है। इसलिए, शिक्षार्थियों को उस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहिए जिसके माध्यम से वे छात्रों से जुड़ने में सक्षम हों। अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर राशिद नेहाल ने कहा कि नई भाषा बोलने की कोशिश करते समय सबसे पहले झिझक से छुटकारा पाना चाहिए। डॉ. शमीम अख्तर (एसोसिएट प्रोफेसर, सीसीएईई) ने छात्रों से हमेशा सज्जनतापूर्ण व्यवहार करने और अनुशासित रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को नए मूल्यों को सीखने के लिए केंद्र द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए।
इस अवसर पर सितंबर के दौरान आयोजित 'स्पोकन इंग्लिश' पर कार्यशाला के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी दिए गए। डॉ. शमीम अख्तर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में 70 छात्रों ने भाग लिया।

### बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में पिक्चर गैलरी का उद्घाटन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की ई-मैग एंड लिटरेरी कमेटी द्वारा 'सेलिब्रेटिंग मैनेजमेंट थॉट एंड लिटरेचर' विषय पर एक चित्र प्रदर्शनी और सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्या अतिथि, विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षक, प्रो. कलीम एम. खान ने चित्र दीर्घा का उद्घाटन किया, जिसमें प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी और विचारकों के प्रमुख कार्यों को प्रदर्शित किया गया और संग्रह और प्रबंधन शिक्षा के विकास के संक्षिप्त इतिहास को प्रदर्शित किया गया। गैलरी में शास्त्रीय सिद्धांतों और प्रबंधन, उपकरण और तकनीकों के ढांचे के साथ-साथ क्लासिक और आधुनिक प्रबंधन साहित्य को उजागर करने वाले पोस्टर भी शामिल थे। सेमिनार को संबोधित करते हुए फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च की डीन, प्रोफेसर सलमा अहमद ने सेमिनार में प्रस्तुतियां देने वाले जजों और भाग लेने वाले छात्रों और शोधार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्वानों के सेमिनार आयोजित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला। प्रो. शीबा हामिद (वाणिज्य विभाग) और प्रो. रूमाना सिद्दीकी (मनोविज्ञान विभाग) ने प्रस्तुतियों का निर्णय किया। आयशा शम्सी ने पहला पुरस्कार जीता जबकि यशस्वी सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया और तीसरा पुरस्कार अरमा बानो और तुबा फातिमा ने साझा किया। प्रो फिज़ा तबस्सुम आजमी ने प्रबंधन प्रथाओं के विकास पर विस्तार से उल्लेख किया कि औपचारिक अनुशासन और प्रबंधन का अभ्यास औद्योगिक क्रांति के बाद और विशेष रूप से 20वीं शताब्दी के साथ शुरू हुआ। उन्होंने छात्रों में पढ़ने की आदत को फिर से जगाने की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन यशस्वी सिंह व धन्यवाद ज्ञापन भरत केशवानी ने दिया।

### एएमयू के स्कूलों में 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस'

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के गर्ल्स स्कूल में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की छात्रा अरिशा फातिमा ने जीत हासिल की। उनके बैचमेट्स निदा अफसर और नशरा अहमद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि नौशीन को सांत्वना पुरस्कार मिला।
स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में छठी कक्षा की छात्रा जैनब खातून, अफीफा अली और इल्मा खान को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान का विजेता घोषित किया गया।मदीहा इमरान (कक्षा नौ) ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता जीती, सिमरा अमजद (कक्षा आठ) और मुश्तबशिरा (कक्षा नौ) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। सना (कक्षा आठ) को सांत्वना पुरस्कार मिला। आमना मलिक (प्रिंसिपल, एएमयू गर्ल्स स्कूल) ने ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के तरीकों के बारे में बात की और छात्रों से ऊर्जा के उपयोग को सीमित करने के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। शराफत अली (स्कूल शिक्षक) ने ऊर्जा दिवस की शपथ दिलाई। इसी तरह अब्दुल्ला स्कूल में स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। ऊर्जा दिवस संकल्प को पढ़ते हुए, उमरा जहीर (स्कूल अधीक्षक) ने ऊर्जा संरक्षण के प्रति पूरे दिल से प्रतिबद्धता का आह्वान किया।
कार्यक्रम का संचालन लुबना इम्तियाज ने किया।

### ट्रैक्टर ने स्कूल जाते समय तीन सगे भाई-बहनों को कुचला

**अयोध्या।** जिले के मवई थाना क्षेत्र में स्कूल जाते वक्त तीन सगे भाई-बहनों को एक ट्रैक्टर ने कुचल दिया। हादसे में एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। ाकी भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। बुधवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे मवई थाना क्षेत्र के नरौली गांव निवासी घनश्याम लोधी की दो बेटी सलोनी,पूजा और बेटा प्रदीप बाइक से कृष्णा वती इंटर कॉलेज भिटवा पढ़ने के लिए जा रही थीं। तभी मदार पुर गांव के समीप सामने आ रही ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट आकर तीनों रोड पर गिर गए। ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आने से सलोनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।प्रदीप और पूजा गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने घायलों को रुदौली सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने एक छात्रा सलोनी को मृत घोषित कर दिया।दोनों भाई-बहन की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर रुदौली कोतवाली की पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। मवई थाना प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली को चालक लेकर फरार हो गया है जिसकी तलाश कराई जा रही है।

### डीएम ने जारी किया आदेश, कोहरे के चलते क्लास एक से आठ तक के स्कूल 23 से सुबह 10 बजे से खुलेंगे

**अयोध्या।** जिले में बर्फीली ठंड का असर दिखने लगा है, लगातार तापमान में हो रही गिरावट के चलते सुबह 10 डिग्री से नीचे तापमान हैस घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी सुबह 20 फीट के आस-पास रहीस इसके बावजूद स्कूल की टाइमिंग चेंज नहीं होने के कारण सुबह के वक्त घने कोहरे में स्कूल बस और टैक्सी से जाने को बच्चे मजबूर हैं। इसके चलते डीएम नीतिश कुमार ने क्लास एक से आठ तक के सभी स्कूलों को 23 दिसंबर से सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजकर 30 मिनट तक खोलने के आदेश दिए हैं।

# मख्यमंत्री से मिले अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि

## उत्तर प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था और अपराधियों पर कसी गई नकेल के लिए आभार व्यक्त किया



संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल के नेतृत्व में प्रदेश के प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधियों के शिष्टमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोक भवन मे मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधियों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश लोहा व्यापार मंडल के संयोजक रिपन कंसल राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री प्रदीप अग्रवाल उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक मर्चेंट एसोसिएशन के संयोजक एवं लखनऊ महानगर के अध्यक्ष शिव अग्रवाल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं लखनऊ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेश छाबलानी ने उत्तर प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था और अपराधियों पर कसी गई नकेल के लिए आभार व्यक्त किया। संदीप बंसल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आजादी से लेकर अब तक कानून व्यवस्था की दृष्टि से योगी सरकार सबसे बेहतर है। इस सरकार में व्यापारियों को कोई डरा धमका नहीं सकता कोई वसूली नहीं कर सकता। संदीप बंसल ने मुख्यमंत्री से कहा की ईमानदार और टैक्स देने वाले व्यापारियों को कोई भी भ्रष्ट अधिकारी परेशान ना करें। यदि कहीं कोई शिकायत मिल रही है तो व्यापार मंडल को भरोसे में लेकर अधिकारी कार्यवाही करें। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश छाबलानी ने बताया की अति शीघ्र संगठन के 21 सदस्य प्रदेश पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री की भेंट होगी।

### निःशुल्क कम्पयूटर कोर्स प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन

संवाददाता

**इसरार अहमद को आई.टी. सामाजिक एवार्ड से सम्मानित किया गया**

**लखनऊ।** आई.आई.टी. एम. के डारेक्टर इसरार अहमद द्वारा समाज के गरीब सभी वर्ग के साथ ही साथ मदरसों के छात्र एवं छात्रों को फ्री कम्पयूटर षिक्षा कार्यक्रम में ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिषन के साथ मिलकर जो काम कर रहे है उनके इस सराहनीय कार्य के लिए आई.टी. सामाजिक एवार्ड से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन जमाल सिद्दीकी के हाथों से सम्मानित किया गया। ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हज़रत सैय्यद अय्यूब अशरफ की सरपरस्ती व हजरत सैय्यद मोहम्मद अहमद मियॉ यूथ अध्यक्ष ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन की निगरानी में चलाए जा रहे निःषुल्क कम्पयूटर कोर्स के प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन 22 दिसम्बर को आई.आई.टी. एम.कम्पयूटरइन्सटीटूट, एस. के. जी. मेडिकल के पीछे, कैम्पवेल रोड, बालागंज, लखनऊ में किया जाएगा। इस आयोजन में विषिष्ट अतिथि विधायक अरमान खान लखनऊ पष्चिम की अध्यक्षता तथा डॉ सैय्यद शहाबुद्दीन उपाध्यक्ष राष्ट्रीय एकीकृत मेडिकल एसोसिएषन, सैय्यद बाबर अषरफ मिम्बर दरगाह कमेटी ख्वाजा साहब मंत्रालय अल्पसंख्यक भारत सरकार, सैय्यद गुलाम हुसैन राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक विकास व सषक्तिकरणसंस्था के हाथसेछात्र एवं छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा।

### एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में किसानों की होगी बड़ी भूमिकाः मनोज कुमार सिंह

संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन करने व किसानों की आय को दोगुनी करने के उद्देश्य से कृषि कार्यों में नवीन तकनीक का प्रयोग करते हुए कृषि गतिविधियों को सुलभ बनाने एवं कृषक परिवारों को आत्मनिर्भर करने हेतु कृत संकल्प है। उत्तर प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने योजना भवन में आयोजित यूपीडास्प समन्वय विभाग, उत्तर प्रदेश तथा अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आई.एफसी.) के इंडिया एगटेक एडवाइजरी प्रोडक्ट के सहयोग से आयोजित सोल्यूशन राउंड टेबल फॉर एगटैक इन उत्तर प्रदेश थेमेटिक प्रजेंटेशन ऑन इनोवेटिव टैक्नालाजी एंड मॉडल्स पहले सम्मेलन के दौरान कही गई। साथ ही उत्तर प्रदेश के कृषक प्रगतिशील हैं तथा कृषि में उपयोगी नवीनतम तकनीक को अपनाने हेतु इच्छुक हैं। सरकार विश्व बैंक समूह-आई.एफसी. के साथ मिलकर किसानों की बेहतरी के कार्य करना चाहती है। सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही। आई.एफसी. के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि आईएएपी का उद्देश्य प्रदेश में किसानों के आय में वृद्धि करना, एगटेक की पहुंच को अधिकतम किसानों तक पहुँचाना, निजी क्षेत्र के विकास हेतु अनुकूलित समाधान करना, प्रौद्योगिकियों की पहचान करना. वाणिज्यिक निवेश आकर्षित करना और कृषि क्षेत्र में व्यापार सम्बन्धी गतिविधियों में बाधाओं को दूर करना है। सम्मेलन में कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, संयुक्त सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार सैमुएल प्रवीण कुमार, कृषि सचिव अनुराग यादव, आयुक्त ग्राम्य विकास जी. एस. प्रियदर्शी, योगेश कुमार विशेष सचिव समन्वय, अन्जनी कुमार सिंह निदेशक मण्डी परिषद, विजय शेखर कलावकोंडा सीनियर ऑपरेशनस ऑफिसर, आई.एफसी. अनिल सिन्हा सीनियर एडवाइजर (आई.ए.ए.पी-आई.एफसी.), युवराज आहूजा एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### सरोजनीनगर विधायक की रामरथ ने क्षेत्रवासियों को करवाया अयोध्या दर्शन

संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा बस सेवा की शुरुआत की गई है। जिसका लाभ विधानसभा की जनता भरपूर उठा रही है। सरोजनीनगर विधायक की स्वर्गीय मां तारा सिंह की स्मृति में शुरु हुई इस बस सेवा का उद्देश्य क्षेत्रवासियों खासकर वृद्धजनों को निःशुल्क अयोध्या दर्शन करवाना है। इसी के तहत सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा से बस अयोध्या के लिए रवाना हुई। डॉ. राजेश्वर सिंह के कार्यालय के सहयोगियों ने इसके संचालन के साथ आवागमन और रास्ते में यात्रियों की सुविधाओं हेतु समुचित प्रबंध किया। क्षेत्र के वृद्धजनों को घर से लाने-ले जाने के अलावा सफर के दौरान उनके खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई थी। बता दें कि यह बस महीने नियमित तौर पर सरोजनीनगर से दर्शनार्थियों को ले जाकर निःशुल्क अयोध्या भ्रमण करवाती है। इस बस सेवा का पूर्णतया व्यय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किया जाता है। साथ ही डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण हो रहा है।

### अश्वारोही स्पर्धाओं में एएमयू राइडर्स की बड़ी जीत हासिल की

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दो छात्रों बासिल हनफी और अहमद हसन के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें इस सप्ताह के शुरू में गाजियाबाद में आयोजित उत्तर प्रदेश घुड़सवारी चौंपियनशिप में शीर्ष पुरस्कार दिलाया। एएमयू राइडिंग क्लब के सीनियर राइडर बासिल हनफी ने व्यक्तिगत टेंट पेगिंग (तलवार) स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि अहमद हसन ने 'शो जंपिंग' स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त किया, जो कि एएमयू राइडर द्वारा जीता गया श्रेणी का पहला पदक है। दोनों ने भारतीय नौसेना, अर्धसैनिक बल और राज्य पुलिस की टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए गाजियाबाद हार्स शो में टीम टेंट पेगिंग (लांस) में कांस्य पदक भी जीता। प्रोफेसर अमजद अली रिजवी (सचिव यूनिवर्सिटी गेम्स कमेटी), डा वसीफ मोहम्मद अली (अध्यक्ष राइडिंग क्लब) और श्री इमरान खान (कोच) ने कहा कि 'बासिल और अहमद अब राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी घुड़सवारी कला का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने पहले ही राष्ट्रीय घुड़सवारी चौंपियनशिप और अन्य क्षेत्रीय घुड़सवारी लीग प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षण शुरू कर दिया है।

### अहमदी स्कूल में नयी छात्रावास सुविधाओं का रजिस्ट्रार द्वारा उद्घाटन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, श्री मोहम्मद इमरान (आईपीएस) ने दृष्टिबाधितों अहमदी स्कूल में छात्रावासों में रहने वाली लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग रीडिंग रूम्स और कॉमन रूम्स का उद्घाटन किया। उन्होंने छात्रों द्वारा बनाए गए हाथ से बने ब्रेल कंप्यूटर कीबोर्ड को भी देखा और शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा सजायी गयी कक्षाओं का भी दौरा किया। श्री मोहम्मद इमरान ने दृष्टिबाधित छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने का सुझाव दिया।

### एएमयू में 'जेंडर रिस्पॉन्सिव बजटिंग' पर वर्कशॉप आरंभ

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के उन्नत महिला अध्ययन केंद्र द्वारा 'जेंडर-रिस्पॉन्सिव बजटिंग' विषय पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आज विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-मानव संसाधन विकास केंद्र (यूजीसी एचआरडीसी) में शुरू हुई। कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विश्वविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, कॉर्पोरेट क्षेत्र और यूपी स्थित एनजीओ के प्रतिभागियों को लैंगिक मुख्यधारा और जेंडर रिस्पॉन्सिव बजट की गहरी समझ प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए एएमयू के वाइस चांसलर प्रोफेसर तारिक मंसूर ने कहा कि 'जेंडर रेस्पॉन्सिव बजटिंग' लैंगिक न्याय और राजकोषीय न्याय दोनों के लिए आवश्यक है क्योंकि इसमें विभिन्न लिंगों पर उनके प्रभाव और उनसे जुड़े मानदंडों और भूमिकाओं और विभिन्न लिंगों के बीच संबंध के लिए बजट का विश्लेषण किया जाना शामिल है।
लैंगिक न्याय और विविधता को बनाये रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सभी की विभिन्न आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए सभी स्तरों पर लैंगिक परिप्रेक्ष्य सुनिश्चित करने के लिए लैंगिक समानता अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत ने महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक न्याय की दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मीनू राणा (अतिरिक्त जिलाधिकारी, अलीगढ़) ने कहा कि कार्यशाला में सैद्धांतिक और अनुभव आधारित प्रशिक्षण प्रतिभागियों को लैंगिक समानता प्रतिबद्धताओं को सुनिश्चित करने के लिए बजट को बदलने के लिए विशेषज्ञता प्रदान करेगा। उन्होंने जमीनी स्तर पर जेंडर बजटिंग को लागू करने का आह्वान किया और वंचित महिलाओं के उत्थान की आवश्यकता पर बल दिया।

### आचार्य राधेश्याम शास्त्री बोले, शिष्य होना महान क्रांति,लेकिन भक्त की तुलना में कुछ नहीं

**सुदामा चरित्र तथा दत्तात्रेय द्वारा बनाये गये 24 गुरुओं की विस्तार से चर्चा की**

**अयोध्या।** मारवाड़ी भवन में आचार्य राधे श्याम शास्त्री ने अपनी भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र तथा दत्तात्रेय द्वारा बनाये गये 24 गुरुओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि गुरू पूर्णिमा शिष्य का गुरू के प्रति समीक्षा का महा पर्व है। पर शिष्य हो जाना एक महान क्रांति है, लेकिन वह भक्त होने की तुलना में कुछ भी नहीं। कृतज्ञ होकर वह अपना सिर गुरु के चरणों में झुका देता है। उन्होंने कहा कि किस क्षण शिष्य परिवर्तित होकर भक्त बनता है? गुरु की ऊर्जा,उसका प्रकाश,उसका प्रेम,उसका मुस्कराना,उसकी उपस्थिति मात्र से शिष्य इतना पोषित हो जाता है- और बदले में वह कुछ दे नहीं सकता। ऐसा कुछ है ही नहीं जो वह दे सके। एक क्षण आता है जब वह गुरु के प्रति इतना कृतज्ञ होता है कि वह अपना सिर गुरु के चरणों में झुका देता है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के शिष्य आचार्य राधे श्याम शास्त्री ने कहा कि स्वयं को देने के अतिरिक्त शिष्य के पास कुछ भी नहीं होता।उसी समय से वह गुरु का ही अंग बन जाता है।गुरु के हृदय के साथ उसका हृदय धड़कने लगता है। वह गुरु के साथ एक लय हो जाता है। उन्होंने कहा कि ÷गुरु÷ शब्द बड़ा महत्त्वपूर्ण है। इसका अर्थ शिक्षक नहीं होता, न अध्यापक, न व्याख्याता। दुनिया की किसी भी भाषा में इस शब्द को रूपांतरित करने का उपाय नहीं है।दुनिया की भाषा में इसके समान कोई शब्द नहीं हैय क्योंकि इसके सम तुल्य कोई अनुभूति ही जगत के किसी और हिस्से में खोजी नहीं जा सकी है। ÷गुरु÷ बनता है दो शब्दों सेदृगु और रु। गु का अर्थ होता है अंधकारय रु का अर्थ होता है अंधकार को दूर करने वाला। गुरु का अर्थ है जिसके अंतस का दीया जल गया हैय जिसके भीतर रोशनी हो गई हैय सूरज हो गया हैय जिसके अंग-अंग से, द्वारों से, झरोखों से, संधों से रोशनी झर रही है।

### क्विज प्रतियोगिता में जेएनएमसी के रेजिडेंट डॉक्टरों ने जीते पुरस्कार

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग के रेजिडेंट डॉक्टर डॉ अदनान अनवर और डॉ असद खान को हाल ही में अमृतसर में आयोजित इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन कॉन्फ्रेंस-2022 की क्विज प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार हासिल किया। यह जोड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 21 राज्यों की टीमों के खिलाफ उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर रही थी। जबकि इसी टीम के दोनों स्नातकोत्तर मेडिकल छात्रों ने बनारस में आयोजित 'यूपी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन सम्मेलन' में 'स्टेट पीजी क्विज प्रतियोगिता' जीती। विजेता जेएनएमसी टीम को उत्तर प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की टीमों के मुकाबले तैयार किया गया था। आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर आमिर बिन साबिर ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से सीखने और समझने की योग्यता में सुधार होता है और मुझे यकीन है कि इन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अनुभव छात्रों को अपने प्रदर्शन के स्तर को और ऊंचा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

# डाकघर की बचत योजनाओं में जमा व निकासी के लिए मोबाइल नंबर अनिवार्य

संवाददाता

- डाकघरों में जाकर अपना केवाईसी अपडेट कराना होगा और अपने खातों को मोबाइल नंबर से लिंक कराना होगा
- डाकघरों में खुल रहे नए खातों और एनएससी,केवीपी में मोबाइल नंबर अनिवार्यतः लिया जाता है




**लखनऊ।** भारत सरकार ने डाकघर की बचत योजनाओं में मोबाइल लिंकिंग अनिवार्य कर दिया है। डाकघर बचत योजनाओं में जमा राशि और भी सुरक्षित हो जायेगी। पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि ऐसे खाताधारक जिनके खातों में मोबाइल नंबर लिंक नहीं है, उन्हें डाकघरों में जाकर अपना केवाईसी अपडेट कराना होगा और अपने खातों को मोबाइल नंबर से लिंक कराना होगा। इस हेतु अंतिम तिथि 31 मार्च 2023 निर्धारित की गयी है। डाकघरों में खुल रहे नए खातों और एनएससी,केवीपी में मोबाइल नंबर अनिवार्यतः लिया जाता है, परन्तु तमाम ऐसे पुराने खाते और एनएससी केवीपी भी हैं जिसमें अभी तक मोबाइल नंबर लिंक नहीं किया गया है। 31 मार्च तक अपने खातों में मोबाइल नंबर लिंक न कराने वाले खाताधारक अपने खातों से न तो रुपयों को निकाल पाएंगे, न ही जमा कर पाएंगे और न ही खाता को बंद कर पाएंगे। डाकघर बचत योजनाओं में बचत खाता, आरडी, टीडी, एमआईएस, पीपीएफ, सीनियर सिटिजन सेविंग्स स्कीम, सुकन्या समृद्धि योजना, एनएससी, केवीपी शामिल हैं। मोबाइल लिंकिंग के लाभों के बारे में बताते हुए पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इससे ई-बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग जैसे आधुनिक डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। खातों में हुए लेन-देन की जानकारी भी मैसेज के माध्यम से घर-बैठे प्राप्त होती है। इससे किसी भी प्रकार के गबन से भी बचा जा सकता है। खातों में मोबाइल नंबर लिंक होने से जहाँ टोल फ्री नंबर का प्रयोग कर आरवीआरएस सेवा के माध्यम से खाते के विषय में जानकारी प्राप्त की जा सकेगी वहीं हाल में शुरू की गई ई-पासबुक सेवा का प्रयोग कर खातों में हुए लेन-देन की जानकारी व मिनी स्टेटमेंट भी ऑनलाइन प्राप्त किये जा सकेंगे। वित्तीय समावेशन और अंत्योदय में डाकघरों की अहम भूमिका है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी अधिकांश लोगों के खाते डाकघरों में खुले हुए हैं। अब डाकघरों में भी एनईएफटी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे लोग बैंक खातों में राशि ट्रांसफर कर सकते हैं। न्यूनतम सीमा 1 रुपये तथा अधिकतम 15 लाख रुपये है। डाकघर से एनईएफटी सेवा का शुल्क निर्धारित है। इंटरनेट बैंकिंग अथवा मोबाइल बैंकिंग के तहत एनईएफटी सुविधा 24 घण्टे मुफ्त में उपलब्ध है। डाकघर खातों में धनराशि के ट्रांसफर के लिए देश के डाकघरों के लिए एक ही आईएफएससी कोड आइपीओ 0000 है। पूरे भारत के सभी डाकघरों का एक ही आईएफएससी कोड होने से ग्राहकों को प्रत्येक डाकघर का अलग से आईएफएससी कोड नहीं ढूँढना पड़ेगा।

# सम्पादकीय

## सेना का मनोबल


इसे लेकर संसद में गतिरोध बना हुआ है। विपक्ष इस पर चर्चा कराने की मांग कर रहा है, तो सत्तापक्ष इससे किनारा करता दिख रहा है। हालांकि घटना के प्रकाश में आने पर रक्षामंत्री ने संसद में सरकार का पक्ष रखा था, मगर विपक्षी दल उससे संतुष्ट नहीं हैं। वे सरकार से जानना चाहते हैं कि आखिर चीन की घुसपैठ की सूचना को छिपाए क्यों रखा गया और यह भी कि सरकार ने चीन को लेकर क्या रणनीति बनाई है। उधर अपनी पदयात्रा के बीच राहुल गांधी ने एक प्रेसवार्ता में कह दिया कि सीमा पर चीनी सैनिक भारतीय सैनिकों की 'पिटाई' कर रहे हैं। इसे लेकर सत्तापक्ष हमलावर है कि इस तरह के बयानों से सेना का अपमान होता, उसका मनोबल गिरता है और उसका इस्तेमाल अपनी राजनीति चमकाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इस तरह संसद में अब हंगामे का केंद्र बिंदु चीन की घुसपैठ से खिसक कर सेना के अपमान और मनोबल पर पहुंच गया है। यानी प्रकारांतर से दोनों ने सेना को अपनी राजनीतिक रस्साकशी का जरिया बना लिया है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब सेना को राजनीति में घसीटने का प्रयास किया जा रहा है। मुद्दा सेना के साहस और मनोबल का नहीं है। असल विषय है चीन की घुसपैठ का। यह अच्छी बात है कि भारतीय सैनिकों ने चीन की रणनीति पर पानी फेर दिया और उसके सैनिकों को वापस लौटना पड़ा। मगर यह सवाल अभी तक अनुत्तरित है कि आखिर चीन ने यह हिमाकत की कैसे। अगर सरकार सचमुच कूटनीतिक रूप से उस पर दबाव बनाए रहती, तो शायद वह ऐसा करने की सोच भी नहीं सकता था। फिर इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि चीन की तरफ से बार-बार हो रही ऐसी हरकतों पर कैसे विराम लगाया जाए। कुछ समय पहले तक उसने लद्दाख क्षेत्र में भी लंबे समय तक तनाव की स्थिति पैदा किए रखी। ऐसे मामलों में परंपरा रही है कि सत्तापक्ष सभी दलों के साथ मिल-बैठ कर चर्चा करता और फिर देश को विश्वास में लेकर कोई व्यावहारिक कदम उठाता रहा है। मगर सरकार ने इस तकाजे को समझना तो दूर, एक तरह से इस पर परदा डालने का ही प्रयास किया है। इसलिए भी विपक्षी दलों को इसका राजनीतिक लाभ लेने का मौका मिला है। किसी देश के सुरक्षाबलों का सीमा के भीतर घुस आना और हमारे सुरक्षाबलों से गुत्थमगुत्था हो जाना निस्संदेह संवेदनशील मामला है, इसे ढंकना-छिपाना या इस पर चुप्पी साधे रखना किसी भी रूप में सवालों से परे नहीं माना जा सकता। मगर हैरानी की बात है कि सैन्य रणनीति से जुड़े इस संवेदनशील मामले को सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों राजनीतिक रंग देने पर तुले हुए हैं।

## इंटरनेट का विस्तार

दुनिया की महत्वपूर्ण तकनीकी कंपनियों में एक गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा है कि जल्दी ही भारत एक बड़ी निर्यात अर्थव्यवस्था बन जायेगा तथा देश को मुक्त एवं विस्तृत इंटरनेट से लाभ होगा. उल्लेखनीय है कि बीते वित्त वर्ष (2021-22) में भारत ने 400 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया था, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों तथा जिला प्रशासन के साथ समन्वय से ऐसी व्यवस्था स्थापित की है, जिसका लक्ष्य निर्यात प्रक्रिया को सरल एवं समावेशी बनाना है। सरकार उद्योगों और निर्यातकों के लिए समुचित इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ अनुकूल नीतियों और योजनाओं को भी लागू कर रही है. इस संबंध में उत्पादन से संबंधित प्रोत्साहन योजना तथा देश की पहली लॉजिस्टिक नीति अहम पहले हैं. इन प्रयासों में डिजिटल तकनीक की बड़ी भूमिका है. न केवल अर्थव्यवस्था के विकास में, बल्कि नागरिकों के रहन-सहन, कल्याणकारी पहलों, समावेशी बैंकिंग प्रणाली, स्वास्थ्य सेवा, सेवाओं की उपलब्धता आदि के लिए डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल को प्रोत्साहित किया जा रहा है.

स्मार्टफोन की संख्या एक अरब के आसपास पहुंच रही है, 133 करोड़ आधार कार्ड हैं, 80 करोड़ से अधिक लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं. अब 5जी तकनीक का भी विस्तार हो रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचार दृष्टि के अनुरूप जुलाई, 2015 में डिजिटल इंडिया अभियान का प्रारंभ हुआ था. इसके अंतर्गत एनी योजनाओं के साथ गांव-गांव तक ब्रॉडबैंड सुविधा पहुंचाने का उपक्रम चल रहा है. भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल करेंसी का उपयोग शुरू कर दिया है. भूमि संबंधी विवरणों को डिजिटल रूप में संग्रहित किया जा रहा है. ब्लॉकचेन तकनीक के इस्तेमाल की कोशिशें भी हो रही हैं. आकलनों की मानें, तो 2025 तक भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जायेगी, जो 2018 में 200 अरब डॉलर थी. देश में तकनीक का उपयोग किस गति से बढ़ रहा है, इसका अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि बीते एक दशक में स्मार्टफोन और मोबाइल इंटरनेट के विस्तार में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. इंटरनेट डाटा दरें बहुत कम है. इससे यूजर भी बढ़े हैं तथा डिजिटल विषमता को भी पाटने में मदद मिल रही है. ई-कॉमर्स को बढ़ावा देने में भी इसका योगदान है. वित्तीय लेन-देन की सहूलियत और पारदर्शिता के बिना अर्थव्यवस्था का विकास सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है. लाभार्थियों के खाते में राशि भेजने की प्रक्रिया तथा यूपीआई भुगतान प्रणाली ने वैश्विक स्तर पर भारत की डिजिटल प्रगति की ओर ध्यान खींचा है।

# डेटा संप्रभुता समय की मांग



हाल में डिजिटल निजी डेटा संरक्षण विधेयक, 2022 के प्रारूप को साझा करते हुए इस संदर्भ में सरकार ने 17 दिसंबर, 2022 तक लोगों से सुझाव मांगे. गौरतलब है कि आज लोगों की निजी जानकारी एप, वेबसाइट, सेवा प्रदाता समेत विभिन्न डिजिटल माध्यमों से साझा की जाती है. हम जानते हैं कि इस डिजिटल युग में जब हम किसी एप को डाउनलोड करते हैं, तो हमें विभिन्न प्रकार की अनुमतियां देने हेतु पूछा जाता है. यदि उपभोक्ता इसके लिए मना करता है, तो उस एप का इस्तेमाल ही नहीं किया जा सकता. यही बात डिजिटल समाचार पत्रों, विभिन्न सेवा प्रदाताओं और अन्य प्रकार की वेबसाइट पर भी लागू होती है. ऐसे में लोगों की इन निजी जानकारियों का संरक्षण या उस निजी जानकारी का बिना उनकी सहमति के अन्य द्वारा प्रयोग प्रतिबंधित करने के लिए एक कानून की जरूरत महसूस की जा रही थी. इस विधेयक में यह प्रावधान है कि चाहे किसी व्यक्ति ने पहले से अनुमति दी हुई हो, तो भी उसे 'कंसेंट मैनेजर' के माध्यम से वापस लिया जा सकता है. विधेयक में यह भी प्रावधान है कि 18 साल से कम आयु के व्यक्तियों (किशोर व बच्चे) द्वारा बिना अभिभावकों की अनुमति के उन एप या सेवाओं का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता. इस संबंध में एक बोर्ड के गठन का भी प्रावधान है, जो इस कानून के

17 दिसंबर, 2022 तक लोगों से सुझाव मांगे. गौरतलब है कि आज लोगों की निजी जानकारी एप, वेबसाइट, सेवा प्रदाता समेत विभिन्न डिजिटल माध्यमों से साझा की जाती है. हम जानते हैं कि इस डिजिटल युग में जब हम किसी एप को डाउनलोड करते हैं, तो हमें विभिन्न प्रकार की अनुमतियां देने हेतु पूछा जाता है. यदि उपभोक्ता इसके लिए मना करता है, तो उस एप का इस्तेमाल ही नहीं किया जा सकता. यही बात डिजिटल समाचार पत्रों, विभिन्न सेवा प्रदाताओं और अन्य प्रकार की वेबसाइट पर भी लागू होती है. ऐसे में लोगों की इन निजी जानकारियों का संरक्षण या उस निजी जानकारी का बिना उनकी सहमति के अन्य द्वारा प्रयोग प्रतिबंधित करने के लिए एक कानून की जरूरत महसूस की जा रही थी।

संबंधित पक्षों को स्पष्टता प्रदान करेगा. सरकार द्वारा देश की एकता एवं संप्रभुता, सुरक्षा, अन्य देशों से मित्रतापूर्ण संबंध या अपराध हेतु उकसावा को रोकने जैसे मामलों के संदर्भ में सरकार को विधेयक के प्रावधानों से मुक्त रखा गया है.

इस प्रयास को सही दिशा में एक कदम माना जा रहा है, लेकिन विशेषज्ञों की राय है कि विधेयक में कई सुधारों की गुंजाइश है. कानून का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर 500 करोड़ रुपये तक के दंड का प्रावधान है. आलोचकों का मानना है कि गूगल, फेसबुक, आमेजन और अन्य बड़ी टेक कंपनियों के व्यवसाय को देखते हुए यह राशि उनके आकार और डेटा के दुरुपयोग से उन्हें होने वाली कमाई की तुलना में बहुत कम है. कई मुल्कों में कानून के ऐसे उल्लंघन की दंड राशि कंपनियों के लाभों के प्रतिशत के रूप में भी निश्चित की गयी है. इस तरह के अंतरराष्ट्रीय अनुभवों का लाभ उठाया जाना चाहिए. एक अन्य आपत्ति यह है कि इस कानून के पालन हेतु जिस बोर्ड का गठन किया जाना है, उसके सदस्यों की संख्या और योग्यता के बारे में कुछ नहीं कहा गया है. विधेयक का कहना है कि यह कोई नियामक बोर्ड नहीं है. ऐसे में किसी नियामक संस्था का होना भी जरूरी है, लेकिन एक बड़ा सवाल यह है कि क्या भारत में निजता के बारे में लोग संवेदनशील हैं. हम लोग तो तमाम निजी जानकारियां पेट्रोल पंप पर ही किसी अनजान व्यक्ति को दे देते हैं. निजता और व्यक्तिगत जानकारियों के प्रति संवेदनशीलता का आना बाकी है, लेकिन हमें समझना होगा कि हमारी निजी और गैर निजी जानकारियों का खासा आर्थिक महत्व है. आज के युग में डेटा की उपयोगिता और उसके महत्व को कम नहीं आंका जा सकता. आज हम औद्योगिक क्रांति 4.0 के मध्य में हैं. डेटा के उपयोग से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दम पर वह संभव है, जो अभी तक मानव मस्तिष्क नहीं कर पाया है. आज दुनियाभर की शक्तियां इस डेटा को कब्जाने की फिराक में हैं. भारत में लगभग 80 करोड़ लोग आज स्मार्टफोन से विभिन्न प्रकार की एप का उपयोग कर रहे हैं. बड़ी ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया कंपनियां, गूगल सरीखे सर्च ईंजन एवं जीओ मैपिंग आदि निजी डेटा, आदतों, सामाजिक संबंधों, वित्तीय व्यवहार और खरीद-फरोख्त समेत विभिन्न प्रकार के डेटा का संवर्धन कर अपनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) शक्ति को लगातार बढ़ा रही हैं और ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाने की कोशिश कर रही हैं.

उपयोगी डेटा का वितरण अत्यधिक असमान है. जब वैश्विक शक्तियां इस डेटा को हासिल करने के लिए सभी रास्ते तलाश रही हैं, भारत को न केवल देश में उत्पादित डेटा का स्वामी होने की आवश्यकता है, बल्कि देश की भौगोलिक सीमाओं के भीतर डेटा की गणना करने की भी आवश्यकता है. लोगों का डेटा और उसके माध्यम से उन्हीं का शोषण डेटा अर्थव्यवस्था की खासियत बन रही है. जरूरत है एक ऐसे कानून की, जिसके माध्यम से देश के डेटा पर देश का संप्रभु अधिकार हो. उस डेटा का संवर्धन कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और विभिन्न प्रकार की अन्य जानकारियों पर बड़ी टेक, ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया कंपनियों का एकाधिकार होने से रोका जाए. हमें समझना होगा कि निजी डेटा का ही अनामीकरण और प्रसंस्करण कर उससे गैर निजी डेटा का निर्माण होता है और उसके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के वित्तीय समेत आर्थिक और सामाजिक व्यवहारों के बारे में जानकारियां एकत्र की जाती हैं.

यह भी समझना होगा कि विकसित देश अपनी कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मकता को सुविधाजनक बनाने के लिए डेटा के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न उपाय कर रहे हैं. डेटा का मुक्त प्रवाह विकसित और विकासशील देशों के बीच एक असममित संबंध बनायेगा तथा विकासशील देशों की फर्मों को नुकसानदेह स्थिति में डाल देगा. इसलिए डेटा का विनियमन बहुत महत्वपूर्ण है. संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन की व्यापार और विकास रिपोर्ट, 2018 कहती है, श्देशों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपने डेटा को नियंत्रित करें और अपने डेटा का उपयोग,साझा करने और इसके प्रवाह को विनियमित करने में सक्षम हों.श् रिपोर्ट में यह भी है कि श्निष्कर्ष यह है कि अगर विकासशील देशों को डिजिटल बुनियादी ढांचे और डिजिटल क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए अपनी आर्थिक और औद्योगिक नीतियों और राष्ट्रीय नियामक ढांचे को डिजाइन करने के लिए लचीलापन और नीतिगत स्थान नहीं दिया जाता है, तो डिजिटल प्रौद्योगिकियों द्वारा प्रदान की गयी विकास की क्षमता विलुप्त हो

# फुटबॉल विश्वकप के बदलते रूप

इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती है कि कतर में आयोजित फीफा फुटबॉल विश्वकप पिछले आयोजनों से कई अर्थों में अलग रहा है. खेल के तेजी इस बार देखने लायक थी. इसका नतीजा यह हुआ कि मैच के एकदम शुरू में ही हमें गोल देखने को मिले. दूसरी उल्लेखनीय बात यह हुई कि एशिया महादेश की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

आम तौर पर पर यह बात कही जाती रही है कि उच्च श्रेणी का फुटबॉल तो यूरोप और लैटिन अमेरिका में ही होता है, पर इस बार जापान, दक्षिण कोरिया, सऊदी अरब और ईरान के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया और अनेक मैचों में ये टीमें अपने प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ीं. यह फुटबॉल आयोजन बहुत अधिक गोलों के लिए भी याद किया जायेगा. इस बार कुल 172 गोल हुए हैं. फाइनल मैच में जितने फील्ड गोल हुए इस बार, उतने गोल किसी और विश्वकप फाइनल में नहीं हुए. यह आयोजन तकनीक के इस्तेमाल के लिए भी याद किया जाना चाहिए. वर्ष 2018 में रूस में आयोजित हुए विश्वकप में वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) तकनीक का पहली बार उपयोग किया गया था, जिसे इस बार और भी अच्छे ढंग से अपनाया गया. उसके कारण हमें पारदर्शी और प्रभावी खेल देखने का अवसर मिला. सभी को याद होगा कि 1986 में मैक्सिको में हुए विश्वकप में प्रसिद्ध खिलाड़ी माराडोना ने हाथ से गोल कर दिया था. उस समय उसे रेफरी ने मान

टीम तीन साल तक क्वालिफाइंग मैचों में तथा अन्य मैचों में खेलती है. जैसे एशिया में 56 देश हैं, तो उनमें से विश्वकप जाने वाली टीमों को तय करने की प्रक्रिया तीन साल चलती है. इस विश्वकप के कुछ समय बाद ही क्वालीफाइंग मैचों का सिलसिला शुरू हो जायेगा. इस तरह की मेहनत और कोशिश बेकार नहीं हो, इसलिए वीएआर सिस्टम लाया गया है. तकनीक का प्रयोग अच्छी बात है. इसमें थोड़ा समय तो लगता है और इसीलिए हमने लगभग हर मैच में अतिरिक्त समय का खेल देखा, लेकिन इससे खेल में पारदर्शिता और धार बढ़ी है. ऊपर हम लोगों ने संक्षेप में एशियाई टीमों के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख किया है, पर हमें अफ्रीकी टीमों के खेल पर अधिक विस्तार से बात करनी चाहिए। अफ्रीकी टीम बॉडी कांटैक्ट की शैली से खेलती हैं. मोरक्को, घाना या सेनेगल की टीमों के खेल को देखें, तो साफ होता है कि वे श्रफएंड टफश् स्टाइल में खेलते हैं, लेकिन इस बार मोरक्को ने दिखवाया दिया कि उनके पास उत्कृष्ट कौशल भी है. इस टीम ने राउंड मैचों में केवल एक गोल खाया, जो सेल्फगोल था।

लिया और अर्जेंटीना की जीत हुई. जब वीडियो रिप्ले से पता चला कि गोल तो हाथ से हुआ था, तो इस पर माराडोना ने कहा था कि वह श्हैंड ऑफ गॉड था. फुटबॉल ऐसा खेल है, जिसके विश्वकप के लिए खिलाड़ी चार साल तक तैयारी करते हैं. बहुत सारे खिलाड़ी टीम का हिस्सा




बनने के लिए आते हैं, पर कुछ ही का अंतिम रूप से चयन हो पाता है. यह टीम तीन साल तक क्वालिफाईग मैचों में तथा अन्य मैचों में खेलती है. जैसे एशिया में 56 देश हैं, तो उनमें से विश्वकप जाने वाली टीमों को तय करने की प्रक्रिया तीन साल चलती है. इस विश्वकप के कुछ समय बाद ही क्वालीफाईग मैचों का सिलसिला शुरू हो जायेगा. इस तरह की मेहनत और कोशिश बेकार नहीं हो, इसलिए वीएआर सिस्टम लाया गया है. तकनीक का प्रयोग अच्छी बात है. इसमें थोड़ा समय तो लगता है और इसीलिए हमने लगभग हर मैच में अतिरिक्त समय का खेल देखा, लेकिन इससे खेल में पारदर्शिता और धार बढ़ी है. ऊपर हम लोगों ने संक्षेप में एशियाई टीमों के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख किया है, पर हमें अफ्रीकी टीमों के खेल पर अधिक विस्तार से बात करनी चाहिए. अफ्रीकी टीम बॉडी कांटैक्ट की शैली से खेलती हैं. मोरक्को, घाना या सेनेगल की टीमों के खेल को देखें, तो साफ होता है कि वे श्रफ एंड टफश् स्टाइल में खेलते हैं, लेकिन इस बार मोरक्को ने दिखाया दिया कि उनके पास उत्कृष्ट कौशल भी है. इस टीम ने राउंड मैचों में केवल एक गोल खाया, जो सेल्फ गोल था. सेमीफाइनल में भले वह हार गयी, लेकिन उसमें भी टीम का खेल किसी भी दृष्टिकोण से कमतर नहीं था. यह मैं ही नहीं, बल्कि बहुत सारे फुटबॉल प्रशंसक मानते हैं कि अफ्रीकी फुटबॉल का यह शुरुआती दौर ही है और आगामी वर्षों में उनकी धार बहुत तेज होगी. अनेक विश्लेषक तो यह भी कह रहे हैं कि जल्दी ही हम किसी अफ्रीकी टीम को विश्व विजेता के रूप में देखा सकते हैं. कतर में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया था, लेकिन अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रूप से होने वाले 2026 के विश्वकप में टीमों की संख्या 48 होगी. बढ़ी हुई संख्या में एशिया और अफ्रीका की और टीमें शामिल होंगी. इससे आयोजन का रोमांच बहुत अधिक बढ़ जायेगा. भारत में इस बार के विश्वकप तथा बड़े खिलाड़ियों को लेकर उत्साह कुछ अधिक ही देखा गया है. यह अच्छी बात है और मुझे उम्मीद है कि इससे हमारे बच्चों में फुटबॉल को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी. इतने बड़े देश में अगर हम एक अच्छी टीम नहीं बना पा रहे हैं, तो हमें विचार करना होगा. अगर आप खेलों में समृद्ध देशों को देखें, तो वहां पांच साल से कम आयु से ही बच्चों को फुटबॉल प्रशिक्षण से जोड़ दिया जाता है, पर हमारे यहां आम तौर

# आलेख

## बेनकाब हुआ झूठ

कोरोना संकट के तत्काल बाद स्वदेशी वैक्सीन तैयार करने व जरूरतमंद देशों की मदद करने पर दुनिया में भारत की खूब वाहवाही हुई। देश ने अनेक गरीब मुल्कों को संकट से उबरने के लिये जीवन-रक्षक उपकरण उपलब्ध कराये। तब भी डब्ल्यूएचओ ने भारतीय वैक्सीन को मान्यता देने में अनावश्यक विलंब किया। वहीं अब अफ्रीकी देश गाम्बिया में जब बड़ी संख्या में बच्चों की मृत्यु हुई तो आरोप लगा कि हरियाणा की एक दवा कंपनी के सिरप के सेवन से ये मृत्यु हुई। विडंबना यह है कि आरोप संयुक्त राष्ट्र की संस्था डब्ल्यूएचओ ने लगाये। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि बिना किसी जांच के ये आरोप भारतीय दवा कंपनी पर मढ़े गये। भारत विरोधी पश्चिमी मीडिया ने इस खबर को खूब रस लेकर छापा। अब भारत सरकार ने जांच में पाया कि गाम्बिया में बच्चों की मौत में भारतीय कंपनी के सिरप की कोई भूमिका नहीं थी। बिना किसी ठोस आधार के ऐसे बेतुके आरोप लगाने पर भारत सरकार ने डब्ल्यूएचओ को आड़े हाथ लिया है। भारत सरकार ने इस बाबत आधिकारिक आपत्ति जताई है। दरअसल, भारत के ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ने जांच के बाद पाया कि गाम्बिया में बच्चों की मौत में सिरप का कोई लेना-देना न था। हालांकि, इससे पहले बीते माह गाम्बिया की सरकार कह चुकी थी कि बच्चों की मौत से भारतीय दवा निर्माता कंपनी के सिरप का कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि क्या डब्ल्यूएचओ के आरोपों से भारतीय फार्मा कंपनियों की छवि

कोरोना संकट के तत्काल बाद स्वदेशी वैक्सीन तैयार करने व जरूरतमंद देशों की मदद करने पर दुनिया में भारत की खूब वाहवाही हुई। देश ने अनेक गरीब मुल्कों को संकट से उबरने के लिये जीवन-रक्षक उपकरण उपलब्ध कराये। तब भी डब्ल्यूएचओ ने भारतीय वैक्सीन को मान्यता देने में अनावश्यक विलंब किया। वहीं अब अफ्रीकी देश गाम्बिया में जब बड़ी संख्या में बच्चों की मृत्यु हुई तो आरोप लगा कि हरियाणा की एक दवा कंपनी के सिरप के सेवन से ये मृत्यु हुई। विडंबना यह है कि आरोप संयुक्त राष्ट्र की संस्था डब्ल्यूएचओ ने लगाये।

को हुए नुकसान की भरपाई हो पायेगी? निस्संदेह, दुनिया की प्रतिष्ठित संस्था की इस तरह की गैर-जिम्मेदार बयानबाजी दुर्भाग्यपूर्ण है। क्या इसके मूल में भारत विरोधी ताकतों की साजिश थी? यदि हां तो उसकी जांच की जानी चाहिए। हाल के वर्षों में अफ्रीका व गरीब मुल्कों में भारतीय दवा कंपनियों की अच्छी पहचान बनी है। एक तो दवाएं सस्ती हैं, वहीं कारगर भी। इस लोकप्रियता से बौखलाई भारत विरोधी ताकतों ने गाम्बिया की घटना के जरिये भारत को बदनाम करने का प्रयास किया। दरअसल, पश्चिमी देशों की महाकाय दवा निर्माता कंपनियां विकासशील देशों में अपने कारोबार को मिलने वाली किसी भी चुनौती के खिलाफ ऐसी साजिशें रचती रहती हैं। जिनसे भारत को सावधान रहने की जरूरत है। लेकिन सबसे ज्यादा चिंता की बात तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिका को लेकर है, जिसने बिना किसी जांच के आरोप भारतीय दवा कंपनी पर लगा दिये। सर्वविदित है कि पूरे कोरोना संकट के दौरान डब्ल्यूएचओ पूरी तरह से नाकाम हुआ। वह कोरोना वायरस के मूल स्रोत का पता नहीं लगा सका। कहा तो यहां तक गया कि इसके प्रमुख की नियुक्ति में चीन की भूमिका रही जिसके चलते प्रमुख ने कोरोना संकट के बाद दुनिया के निशाने पर आये चीन का बचाव किया। निस्संदेह, अपनी तमाम नाकामियों पर पर्दा डालने के लिये यह संगठन बेतुकी बयानबाजी का सहारा ले रहा है। बहरहाल, भारतीय दवा कंपनियों को भी इस घटना के बाद सतर्क होकर अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## दैनिक राशिफल

**मेषः**- विरोधियों प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयां संभव। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी।

**बृषभः**- नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

**मिथुनः**- आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा, अतरू इसे सुधारें। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव। परिवारिक संबंधों कटुता दुश्मनी जैसा न बननें दें।

**कर्कः**- दूसरो की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः**- अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। रोजगार के क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है।

**कन्याः**- किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। किसी बिपरीत लिंगी संबंध में आकर्षण बढ़ेगा।

**तुलाः**- कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें।


**वृश्चिकः**- कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**धनुः**- नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नही देता और निर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नही है।


**मकरः**- अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्यपूर्वक वक्त का इन्तजार करें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**कुंभः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। सुन्दर भावनात्मक अभिब्यक्ति संबंधों मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मीनः**- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित ना हों। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।




## आज का सुविचार



## संक्षिप्त समाचार

### रात 8 बजे बंद हुई रोडवेज बस,दर्जनों यात्री रोडवेज अड्डे पर रुके

**बहराइच।** बढ़ते ठंड में हो रहे कोहरे को देखते हुए शासन ने रात आठ बजे से बसों का संचालन बंद कर दिया है। अचानक हुए निर्णय से दर्जनों यात्री बस न मिलने से कड़ाके की सर्दी में बस अड्डे पर फंस गए। किसी को लखनऊ पेपर देने पहुंचना था, तो किसी को काम से। बस अड्डे के बाहर प्राइवेट बस सवारी बैठाने में लगी रही। रात्रिकालीन बस सेवा बंद होने से दर्जनों यात्रियों के लिए मुश्किल खड़ी होगी। किसी भी बस अड्डे से रात आठ बजे के बाद कोई भी बस नहीं चलेगी। यह निर्णय कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं के मद्देनजर उठाया गया है। बुधवार को रात आठ बजे बसों को एक तरफ खड़ा कर दिया गया। लखनऊ, कानपुर, रुपईडीहा जाने वाले यात्रियों की भीड़ लगी रही। जब लोगो को बस सेवा बंद होने की जानकारी मिली, तो वह दूसरा विकल्प खोजने में लग गए। प्राइवेट बस संचालकों की बल्ले-बल्ले हो सकती है। वहीं, यात्री दिनेश ने कहा कि मुझे लखनऊ काम से जाना था। मैं श्रावस्ती से आया हूं। उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला बहुत ही सराहनीय है। जिंदगी जाने से बढ़िया है कि एक रात रोडवेज पर ही काट ली जाए।

### मोस्ट प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला

**सुलतानपुर।** जिला विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में मोस्ट कल्याण संस्थान उ.प्र. के तत्वाधान में डीएम के साथ एक मीटिंग हुई। मोस्ट महिला विंग की जिला संयोजक सीमा बौद्ध के नेतृत्व में 3 जनवरी को स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने के औचित्य के सम्बन्ध में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के साथ मोस्ट बौद्धिक प्रतिनिधि मंडल ने वार्ता की। इस अवसर पर मोस्ट प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले ने भारत के इतिहास में बालिकाओं के लिए प्रथम स्कूल (1848 ई.) खोला था। उन्होंने पठन-पाठन के क्षेत्र में कठिन संघर्ष से जन साधारण (विशेषतया महिलाओं) को शिक्षा के प्रति-प्रेरित किया। ऐसे में शासन स्तर से 3 जनवरी को उनके जन्मदिन के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर सभी शिक्षण संस्थानों में फूले के शिक्षा के प्रसार में किये गए कठिन संघर्ष से छात्रों को अवगत कराने के लिए आवश्यक निर्देश देने की मांग की। वार्ता के दौरान मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद गुरुजी ने कहा कि समय और परिस्थितियों के अनुरूप में जब संविधान में संशोधन किया जा सकता है तो स्त्री शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले की जयंती पर अवकाश घोषित किया जाना युक्तियुक्त होगा। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने मोस्ट बौद्धिक प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि परीक्षणोपरांत यथासम्भव स्थानीय अवकाश का निर्णय लिया जाएगा। मोस्ट प्रतिनिधि मंडल में से.नि. एडीओ भारत राम, से.नि. बृजलाल कनौजिया, मोस्ट जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, फौजी सन्तोष सोनकर, एड. झिनकू राम विश्वकर्मा, से.नि. लेखाकार राम जतन बौद्ध, ताहिरा खान, शिक्षक राजेश कनौजिया, जीतू राम साही, नन्दलाल गौतम, एड. टी.डी. गौतम, शिक्षक दिनेश सोनकर, प्रधानाध्यापक एन.डी. विद्रोही आदि मौजूद रहे।

### दबंग पड़ोसी ने मां-बेटी पर किया हमला,भाई ने भागकर बचाई जान

**अमेठी।** जिले में घर के बाहर बैठे परिवार पर दबंग युवक ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद भाई ने घटनास्थल से भागकर अपनी जान बचा ली, लेकिन दबंग ने मां और बेटी पर हमला कर दिया। दबंग के हमले में मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए अमेठी सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामला कोतवाली क्षेत्र के गंगागंज मोहल्ले के वार्ड 10 का है, जहां रौनक बानो (19) पुत्री गुलाम वारिस पर पड़ोसी दबंग युवक ने लोहे के रॉड और डंडे से पिटाई करना शुरू कर दी। वहीं, रौनक बानो को बचाने दौड़ी मां सबीना परवीन पर भी दबंग युवक ने हमला कर दिया, जिससे हमले मे मां और बेटी दोनों घायल हो गए। वहीं, मौके पर पहुंचा भाई दबंग के डर से मौके से फरार हो गया। पीड़ित परिवार ने अमेठी कोतवाली मे पहुंचकर मे पूरे मामला की शिकायत की है। पीड़ित के भाई अरसद वारसी ने बताया कि हम घर के बाहर भाई-बहन बैठकर बात कर रहे थे तभी गाड़ी लाकर पड़ोसी दबंग युवक ने आकर अपनी गाड़ी गेट में लड़ा दिए, पूछने पर युवक ने बिना बात के ही मारपीट करना शुरू कर दिया। इसमें रौनक बानो और सबीना परवीन घायल हो गई हैं। पीड़ित ने अमेठी कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच करते हुए घायलों को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी भेजा है। डॉक्टरों ने दोनों घायलों का उपचार करते हुए हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### कई पिस्टल के साथ युवक का फोटो वायरल, पुलिस ने थाने बुलाकर की पूछताछ

**अमेठी।** जिले में युवकों के सिर से असलहों के साथ फोटो खिंचवाने का क्रेज कम नहीं हो रहा है। अमेठी में आज सुबह एक युवक का कई पिस्टलों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल फोटो का संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपी युवक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। बताया जा रहा है कि सभी पिस्टल लाइसेंसी हैं और जो फोटो वायरल हुआ यह करीब 10 साल पुराना है। पूरा मामला पीपरपुर थाना क्षेत्र का है, जहां के रहने वाले जितेंद्र सिंह पुत्र उदय भान सिंह का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल फोटो में जितेंद्र सिंह के पास रखी एक मेज पर तीन पिस्टल रखी हुई थी। फोटो वायरल होने के बाद पुलिस ने पूरे मामले का संज्ञान लिया और युवक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। पीपरपुर पुलिस जितेंद्र सिंह से पिस्टलों के बारे में पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि ये सभी पिस्टल लाइसेंसी हैं, लेकिन एक युवक के पास इतनी लाइसेंसी पिस्टल कैसे आ गई। पीपरपुर एसएचओ धीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि वायरल फोटो का संज्ञान लेकर युवक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। युवक के मुताबिक सारे पिस्टल लाइसेंसी हैं। जांच की जा रही है, अगर कोई भी लापरवाही पाई जाती है तो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ठंड से स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ी, शिक्षक संघ ने समय परिवर्तन की उठाई मांग

**सुलतानपुर।** जिले के उत्तर प्राथमिक शिक्षक संघ ने कड़ाके की ठंड और शीतलहरी के दृष्टिगत परिषदीय स्कूलों में समय परिवर्तन के लिए जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर स्कूल में समय परिवर्तन की मांग की है। जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय और जिला मंत्री डॉ हृषिकेश भानु सिंह ने परिषदीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले अधिकांश छात्र-छात्राओं के पास उनके परिवार की अत्यंत कमजोर आर्थिक स्थिति है। इसके कारण ठंड से बचाव के उचित संशाधन उपलब्ध नहीं है। इसलिए स्कूलों में बच्चों के बीमार पड़ने, कोल्ड स्ट्रोक जैसी समस्या आने की प्रबल संभावना हो रही है। इसके साथ ही घने कोहरे के कारण दृष्यता शून्य हो गई, जिससे मार्ग में दुर्घटना की आशंका बढ़ गयी है। इस प्रतिकूल परिस्थिति में मानवीय आधार पर छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर स्कूल समय 9 बजे 3 बजे के स्थान पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे करने की मांग की है।

### डीएम ने राजधानी के स्कूल के समय में किया बदलाव

**लखनऊ।** उत्तरी राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। प्रदेश में घने कोहरे के साथ शीतलहर का प्रकोप दिखना शुरू हो गया है। वहीं राजधानी लखनऊ जिला प्रशासन ने स्कूलों का समय बदलने का निर्णय लिया है। लखनऊ जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने जनपद में संचालित कक्षा 1 से 8 तक के समस्त परिषदीय, सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त समस्त बोर्ड के विद्यालय का समय से 31 दिसंबर तक सुबह 10 से अपरान्ह 3 बजे तक परिवर्तित किया है। ये निर्देश सभी बेसिक, माध्यमिक विद्यालय, मदरसा शिक्षा बोर्ड, संस्कृत विद्यालय और परिषदीय विद्यालय पर लागू होंगे।

# कोरोना प्रोटोकॉल के साथ संचालित होंगे रैन बसेरे

संवाददाता

**चीन से कोरोना की नई आहट मिलते ही यूपी में अलर्ट**

**लखनऊ।** चीन में कोरोना के बढ़ रहे खतरे की आ रही खबरों के बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भी सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से खासकर बेसहारा, निराश्रित और कमजोर वर्ग के असुरक्षित लोगों को बढ़ती ठंड और शीतलहर के साथ कोरोना कोरोना से बचाने के लिए कोरोना गाइडलाइंस के अनुसार रैन बसेरों का संचालन करने का निर्देश दिए गए हैं। जारी दिशा निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि रैन बसेरों में साफ-सफाई के साथ कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाए। नियमित सेनेटाइजेशन हो और सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा जाए। उल्लेखनीय है कि चीन में कोरोना संक्रमण के कई नए मामले सामने आए हैं। इसे देखते हुए योगी सरकार भी सतर्क हो गई है। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन हो सुनिश्चितहाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए गरीबों, निराश्रितों व कमजोर वर्ग के लोगों के लिए रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय निदेशालय की डायरेक्टर नेहा शर्मा की ओर से समस्त नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के अंतर्गत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों में कोविड प्रोटोकॉल के पालन को अनिवार्य बताया गया है। निर्देश दिया गया है कि रैन बसेरों में नियमित रूप से सेनेटाइजेशन की कार्यवाही संचालित की जाए और कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) का भी अनुपालन कराया जाए। निर्देशों का अनुपालन करते हुए निकाय में संचालित रैन बसेरों का विस्तृत विवरण निदेशालय के गूगल लिंक पर प्रतिदिन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि जिलों में संचालित समस्त रैन बसेरों में व्यवस्थाओं की राज्य स्तर पर निगरानी की जा सके।



## चौ.चरण सिंह जयंती कल, होंगी गोष्ठी और सेमिनार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा किसान मसीहा व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस पूरे देश में चौधरी चरण सिंह जन्मदिन सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी साहब के जन्मदिन 23 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक मनाये जाने वाले चौधरी चरण सिंह जन्मदिन सप्ताह के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता गावों, कस्बों, नगरों और जिला मुख्यालयों पर स्व. चौधरी साहब के जीवन दर्शन और सिद्धांतों पर संगोष्ठियां, सेमिनार, चौपाल व सभाओं काआयोजन कर नई पीढी को चौधरी साहब की नीतियों और सिद्धांतों से भलीभांति अवगत कराया जायेगा। चौधरी साहब के जन्मदिन पर लखनऊ में प्रदेश मुख्यालय पर प्रातः हवनपूजन तथा विधान भवन स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि के पश्चात प्रदेश कार्यालय में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा तथा नई दिल्लीं स्थित किसान घाट पर भी हवन पूजन व श्रद्धांजलि के कार्यक्रम आयोजित होंगे। चौधरी साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राजस्थान के भरतपुर जनपद में राष्ट्रीय लोकदल द्वारा विशाल किसान सभा का आयोजन किया जा रहा है। एमएसजे कालेज के ग्राउण्ड भरतपुर में होने वाली किसान सभा में लाखों किसान भाग लेंगे जिसे राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद चौधरी जयन्त सिंह एवं अन्य राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी सम्बोधित करेंगे।

## डीएम ने तहसील में देखी व्यवस्था, तहसीलदार व पेशकार को कारण बताओ नोटिस

**● तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों के रख-रखाव की जांच की**
**● खतौनी में ऑनलाइन अपलोडिंग प्रकिया की प्रगति धीमी पाये जाने पर नाराजगी जताई**


**बहराइच।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बुधवार को सदर तहसील का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव, राजस्व वादों का निस्तारण, तहसील प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों के रख-रखाव की जांच की। वादों के निस्तारण की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने तथा आदेशों का अंकन, फीडिंग व खतौनी में ऑनलाइन अपलोडिंग प्रकिया की प्रगति धीमी पाये जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही तहसीलदार व पेशकार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों को नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। कहा कि अंकन, फीडिंग व खतौनी अपलोडिंग कार्य में अपेक्षित सुधार लाया जाए। उदासीन व लापरवाह राजस्व कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।इसके उपरान्त जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में तहसील तहसील में मौजूद अधिवक्ताओं से तहसील प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के सम्बन्ध में फीडबैक भी प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी, डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार मौर्या, पीडीडीआरडीए पी. एन, यादव, तहसीलदार राज कुमार बैठा, तहसीलदार न्यायिक अनुराग यादव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## मदरसों में शुक्रवार की जगह रविवार को छुट्टी का प्रस्ताव

**जनवरी को अगली बैठक में होगा फैसला**

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड के समक्ष मदरसों में शुक्रवार के बजाय रविवार को छुट्टी किए जाने का प्रस्ताव आया है। अंतिम निर्णय बोर्ड की जनवरी में आयोजित होने वाली बैठक में लिया जाएगा। मदरसा शिक्षकों के एक संगठन ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा है कि मदरसों में जुमे की नमाज की वजह से शुक्रवार को साप्ताहिक छुट्टी की व्यवस्था शुरू से ही चली आ रही है और अगर इसमें बदलाव किया गया तो इसका गलत संदेश जाएगा। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने आज बताया कि मंगलवार को उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी और फारसी मान्यता प्रशासन एवं सेवा विनियमावली-2016 में जरूरी संशोधन और बदलाव के सिलसिले में एक बैठक बुलाई गई थी। इसमें बोर्ड के सदस्यों और बड़ी संख्या में मदरसों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में मदरसों में शुक्रवार के बजाय रविवार को साप्ताहिक छुट्टी किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। बहुत दिनों से मदरसों से जुड़े लोगों की ओर से ऐसी मांग भी की जा रही थी। कई मदरसों के प्रतिनिधियों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया। प्रस्ताव पर चर्चा की गई है। अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। अंतिम फैसला जनवरी में होने वाली बोर्ड की बैठक में लिया जाएगा।



मदरसा बोर्ड राज्य सरकार के अधीन संचालित परिषद है जो प्रदेश में मदरसा शिक्षा की व्यवस्था संबंधी फैसले लेता है। अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि जो होगा, वह सबकी सहमति से होगा। उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के मदरसों में शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश होता है। शुक्रवार को ही जुमे की नमाज पढ़ी जाती है, जिसका इस्लाम में विशेष महत्व है। जुमे की तैयारियों के मद्देनजर ही मदरसों में शुक्रवार को छुट्टी दी जाती है। टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया उत्तर प्रदेश के महासचिव दीवान साहब जमां ने कहा,शुक्रवार को जुमे की नमाज के लिए खास इंतजाम किए जाते हैं, इसी वजह से हमेशा से मदरसों में शुक्रवार को ही छुट्टी दी जाती रही है। अगर इस व्यवस्था को बदला जाएगा तो इसका गलत संदेश जाएगा। मदरसा बोर्ड की मंगलवार को हुई बैठक में इक्का-दुक्का लोगों ने ही शुक्रवार के बजाय रविवार को साप्ताहिक अवकाश की व्यवस्था करने की वकालत की थी और बाकी सभी लोगों ने इसका विरोध किया था।

## जिले में नहीं जला प्रशासनिक अलाव,कटका क्लब समाजसेवी संस्था ने उठाया बीड़ा, क्षेत्र में जलवाई आग

**मौसम साफहोते ही जिले में अब कड़ाके की ठंड पड़ने लगी**

**सुलतानपुर।** जिले में कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा विगत दिनों से बढ़ रही तेज ठंडी के बीच कटका बाजार में विभिन्न स्थानों पर अलावा की व्यवस्था कराई। दरअसल ये जिम्मेदारी जिला प्रशासन की थी, जिसे वो अभी पूरा नहीं कर सका। बीती रात से अभियान की शुरुआत की गई है। कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने बताया कि एक ओर शहर में ठंड बढ़ने लगी है, दूसरी ओर बस स्टैंड समेत सार्वजनिक स्थानों में अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे शाम और रात के समय राहगीरों यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ रही है। कुछ दिन पहले तक बदली की वजह से ठंड कम थी। लेकिन मौसम साफ होते ही जिले में अब कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। लोगों को रात के अलावा सुबह-शाम के समय गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह के समय धूप से कुछ राहत मिल जाती है। लेकिन शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है वैसे-वैसे तापमान गिरने लगता है और ठंड बढ़ती जाती है। राहगीर यात्री ठंड की ज्यादा मार झेलते हैं। प्रतिवर्ष ठंड बढ़ते ही नगर निकाय द्वारा लोगों को राहत दिलाने के लिए शहरी-उपनगरीय क्षेत्र में बस स्टैंड समेत प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव की व्यवस्था की जाती रही। लेकिन इस वर्ष अब तक निकाय द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इस कारण रात के समय लोगों को खुले में ठंड से बचने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा है। जबकि रात बढ़ते ही पारा गिरने से खुले में गर्म कपड़े भी असर नहीं करते हैं। इस वजह से रात के समय में सफर करने वाले राहगीर ठंड से परेशान हो रहे हैं।

### गरीब ठंड से मरने को मजबूर, सरकार करे इंतजामः आरएलडी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश पूरी तरह से ठंड की चपेट में है,लोग सड़कों पर व फुटपाथों पर कड़कड़ाती ठंड में रात बिताने पर मजबूर हैं। मुख्यमंत्री सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ रही है बेघर गरीबों के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। राजधानी की सड़कों पर सैकड़ों लोग ठंड से ठिठुरते खुले आसमान के नीचे रात गुजार रहे हैं। सरकार से मांग की है त्वरित अलाव व कंबल वितरण का कार्य करें, इससे पहले की ठंड से मौतें होने लगे।

## तीन दिवसीय योग शिविर खत्म,स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग के सीखे गुर

**बहराइच।** मिहीपुरवा कस्बे के सर्वोदय इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय योग शिविर का समापन हो गया। इस दौरान कस्बे के लोगों ने योग के द्वारा निरोग रहने के तरीके सीखे। साथ ही लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मिहींपुरवा कस्बे में स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में सुई फाउंडेशन व गायत्री परिवार द्वारा योग शिविर आयोजित था। तीन दिवसीय निःशुल्क योग चिकित्सा शिविर के समापन दिवस पर लोगों ने योग से निरोग रहने के गुर सीखे। शिविर के अंतिम दिन योगाचार्य प्रवीण वर्मा ने लोगों को योग से निरोग रहने की शपथ दिलवाई। कहा कि योग के माध्यम से हमें स्वयं के साथ समाज व देश को स्वास्थ्य बनाना होगा। योग को अपने जीवन में उतारना होगा। योगाचार्य ने कहा कि योग कोई कला या सर्कस नहीं है। बताया कि योग विज्ञान है, इससे हम अपने पूरे तन के साथ मन को स्वस्थ रख सकते हैं। योगाचार्य सुशील बाजपेयी ने लोगों को मर्म चिकित्सा, एक्यूप्रेसर व थेरपी के बारे में जानकारी दी। कहा कि हम अपने शरीर के मर्म को दबाकर हृदय रोग जैसी समस्या को नियंत्रित कर सकते हैं। समापन दिवस पर कस्बे के लोगों ने भारी संख्या में शिविर में प्रतिभाग किया व योग के गुर सीखे। लेखक अवधेश वर्मा ने बताया कि तीन दिनों में सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क योग सीखा।

## सीसीटीवी कैमरे लगाएंगे अपराधों पर अंकुश

**बहराइच।** अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए शहर के पांच तिराहों व चौराहों को सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बहराइच शहर को सुरक्षित बनाने के लिए एसपी ने यह पहल की है। कैमरे लगाने के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है। शासन से बजट भी पास हो चुका है। जल्द ही पांच तिराहे व चौराहे हाई क्वालिटी कैमरों से लैस हो जाएंगे। एसपी प्रशांत वर्मा ने जिले की कमान संभालने के बाद महिला अपराधों पर अंकुश लगाने पर विशेष जोर दिया है। इसके लिए तिराहों व चौराहों को कैमरे से लैस करने का फैसला लिया है। हर दिशा में कैमरे लगाए जाएंगे ताकि हर गतिविधि पर पुलिस की नजर बनी रहे। एसपी ने बताया कि इससे चौन स्नैचिंग, चोरी, महिला अपराध सहित अन्य वारदातों पर अंकुश लग सकेगा। इस माह के अंतिम या जनवरी के पहले सप्ताह तक कैमरा लगने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कैमरे लगाने के लिए डिगिहा तिराहा, अस्पताल चौराहा, घंटाघर चौक, छावनी चौराहा व केडीसी तिराहा को चिह्नित किया गया है।

## अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने दूर की ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी से जुड़ी भ्रांतियां

संवाददाता

**● अपोलोमेडिक्स अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे जाने-माने ऑर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ संजय श्रीवास्तव**
**● 27 से अधिक वर्षों का प्रोफेसनल व एकेडमिक अनुभव है**

**लखनऊ।** ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, खासतौर से नी रिप्लेसमेंट (घुटना प्रत्यारोपण) को लेकर लोगों के बीच कुछ भ्रांतियां हैं, जिनका तथ्यों की रोशनी में निराकरण करना जरूरी है। यह बात अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विशेषज्ञों ने रखी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ही यह भी घोषणा की गई कि प्रदेश के जाने-माने ऑर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ संजय श्रीवास्तव अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में बतौर चेयरमैन ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट ज्वाइन किया है। डॉ श्रीवास्तव के पास 27 से अधिक वर्षों का प्रोफेसनल व एकेडमिक अनुभव है और वे 18000 से अधिक सफल ऑर्थो और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी कर चुके हैं। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के सीईओ व एमडी डॉ मयंक सोमानी ने बताया, ष्आमतौर पर यह माना जाता है कि आर्टिफिशियल ज्वाइंट रिप्लेसमेंट से प्राकृतिक ज्वाइंट्स का अहसास नहीं हो सकता। जबकि हकीकत यह है कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों, डिजाइनों और सर्जिकल प्रोसीजर में काफी एडवांसमेंट हो चुका है। अब घुटने और कूल्हे के डिजाइन कुदरती जोड़ों का अहसास कराते हैं क्योंकि ये लगभग प्राकृतिक जोड़ों की तरह होते हैं। उन्होंने बताया, मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि डॉ संजय श्रीवास्तव ने हमें बतौर चेयरमैन ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट ज्वाइन किया है। ऑर्थोपेडिक्स सर्जरी में वे एक जानामाना नाम हैं।

**रंगमण्डलीय प्रस्तुति नाटक कथा अमरगढ़ की अमर शहीदो को नमन, एक शाम गुमनाम शहीदो के नाम**

# कत्थक के नाम लखनऊ की एक शाम

संवाददाता

**लखनऊ।** कला मंडपम की ओर से लिफ्पा 2022 का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर ओर होने वाले इस कार्यक्रम का नाम था इंटरनेशनल फेस्टिवल फॉर परफार्मिंग आर्ट। कत्थक से सजी इस संध्या में देश और विदेश के कलाकारों ने हिस्सा लिया। अदब के शहर में आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम का अनुज मिश्रा कत्थक अकादमी और अनुज मिश्रा डांस कम्पनी की ओर से किया गया।कार्यक्रम के आयोजक डाइरेक्टर पंडित अनुज मिश्रा ने लखनऊ की सरजमीं पर इस कार्यक्रम को करते हुए अपना उद्देश्य पूरा किया। इस कार्यक्रम की बदौलत न सिर्फ उन्होंने लखनवी विरासत को सहेजने का प्रयास किया है बल्कि विदेश में पनप रहे कत्थक के शौक से दुनिया को रूबरू कराने की कोशिश भी की है। इस कार्यक्रम में भारत के अलावा कनाडा और यूएसए के प्रतिभागी भी हिस्सा ले रहे हैं। ये कार्यक्रम मंगलवार 20 दिसंबर को कला



मंडपम ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। शाम 6 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम के सम्बन्ध में पंडित अनुज मिश्रा बताते हैं कि कोविड के कारण पिछले चार वर्षों से वह इसे करने में असमर्थ थे। लिफ्पा 2022 के अंतर्गत इस कार्यक्रम में देश और विदेश के तकरीबन 80 कलाकार शामिल हुए। पंडित अनुज बताते हैं कि इससे पूर्व भी उनके प्रयासों से उन्होंने अपने कार्यक्रम में अमरीका और यूरोप के कलाकारों द्वारा सफल आयोजन किये हैं। इसी क्रम में इस बार कनाडा, यूके और यूएसए के कलाकारों को जमा करने और उनके हुनर को दुनिया के सामने लाने का प्रयास किया गया। इसके लिए कनाडा की एक बड़ी और प्रतिष्ठित डांस कम्पनी संप्रदाय डांस क्रिएशन की ओर से कनाडा और यूएसए के करीब 15 कलाकारों ने परफॉर्मेंस दी। इनकी प्रस्तुति मंडला नाम से हुई। इसमें कत्थक और भारत नाट्यम के कनाडा और यूएसए में जन्मे ककाकारों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। संप्रदाय डांस क्रिएशन की ओनर लता प्रदा और डाइरेक्टर सुमनायन है। इनके निर्देशन में इण्डिया टूर करता हुआ ये ग्रुप लखनऊ आया है और यहाँ के दर्शकों के लिए इन्होने अपनी प्रस्तुति पेश की। कार्यक्रम में सबसे पहले गुरु वंदना की प्रस्तुति हुई जिसमे तकरीबन 20-25 युवा कलाकारों के अलावा प्रशिक्षण पा रहे बच्चे भी शामिल हुए।

# ओबीसी आरक्षण याचिकाओं पर आज फिर सुनवाई

## यूपी सरकार ने दाखिल किया अपना जवाबी हलफनामा

संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ की बेंच ने अगली सुनवाई बुधवार तक की तय की है। आज होने वाली सुनवाई के साथ ही अधिसूचना जारी करने पर भी बुधवार तक की रोक को बढ़ा दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से सारे जवाब पेश कर दिए गए। इसके बाद याचिकाकर्ताओं के वकील ने उस प्रति के उत्तर दाखिल भी कर दिए। बीते 12 दिसंबर से हाई कोर्ट लखनऊ की डबल बेंच ने निकाय चुनाव के सूचना जारी करने पर रोक लगा रखी है। राज्य सरकार का कहना था कि मांगे गए सारे जवाब प्रति शपथ पत्र में दाखिल कर दिए गए हैं। इस पर याचिकाओं के वकील ने आपत्ति करते हुए सरकार से विस्तृत जवाब मांगे जाने की गुजारिश की, जिसे कोर्ट ने नहीं माना। उधर यूपी सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने इस मामले को सुनवाई के बाद जल्द निस्तारित किए जाने का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की बेंच ने आदेश रायबरेली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वैभव पांडेय व अन्य की जनहित याचिकाओं पर दिया है। यूपी सरकार ने दाखिल किए गए अपने हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। शहरी विकास विभाग के सचिव रंजन कुमार ने हलफनामे में कहा है कि ट्रांसजेंडर को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि किन प्रावधानों के तहत निगाहों में प्रशासकों की नियुक्ति की गई है।

## रंग विवाद में कूदे सपा सांसद एसटी हसन

**लखनऊ।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की आगामी फिल्म पठान का गाना बेशरम रंग रिलीज होने के बाद से विवादों में है। वहीं इस विवाद ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। समाजवादी पार्टी के सांसद व लोकसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता एसटी हसन ने भगवा रंग को लेकर साधु-संतों के पहनावे पर सवाल उठा दिया।उन्होंने कहा कि भगवा रंग अगर सिर्फ सनातन धर्मियों का कहा जाए तो यह कोई बात नहीं हुई। कोई भी आदमी उस रंग के कपड़े पहन ले उससे क्या बेइज्जती हो जाएगी। हालांकि इस दौरान उन्होंने हरे रंग को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यह रंग क्या सिर्फ मुसलमानों का हो गया? सांसद एसटी हसन ने भगवा रंग और पहनावे को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि इतना ही भगवा रंग का ख्याल है तो इस रंग की साधु-संत धोती क्यों पहनते हैं? लोग टेबल, कुर्सी पर भगवा रंग की तौलिया क्यों डालते हैं। कांवड़ यात्रा में भगवा रंग की अंडर वियर क्यों पहनते हैं? इस पर किसी को ऐतराज नहीं है। बता दें कि शाहरुख खान की फिल्म पठान को लेकर पूरे देश में विवाद खड़ा हो गया है. फिल्म के बेशर्म रंग गाने में दीपिका पादुकोण ने भगवा कलर की बिकिनी पहन रखी है, जिसे लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी है।

## गोमती नदी में समाई कार, दो का किया गया जिंदा रेस्क्यू 2 की तलाश जारी

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के समता मूलक चौराहे के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जिसमें 2 लोगों को जिंदा रेस्क्यू कर लिया गया जबकि एक युवक और युवती गायब बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश जारी है। वहीं हादसे में एक कुत्ते की भी मौत हो गई। जानकारी मुताबिक कार में 4 लोग सवार थे और उनके साथ एक कुत्ता भी था। चारों लोग कार में सवार होकर कुत्ते को घुमाने के लिए समता मूलक चौराहा आए थे लेकिन वहां पर उनके साथ यह भयानक हादसा हो गया। इस भयानक हादसे के बारे में ज्वाइंट कमिश्नर पियूष मोर्डिया का कहना है कि कार समता मूलक चौराहा के पास नदी के किनारे खड़ी थी। कार में 4 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि जहां कार खड़ी थी उसके आसपास की जमीन दलदल थी, इसी वजह से गाड़ी खिसकर आगे चली गई और नदी में डूब गई। इसके बाद घटना का पता लगते स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और 2 लोगों को रेस्क्यू करके बचा लिया जबकि 2 लोग अभी भी गायब बताए जा रहे हैं जिनकी तलाश है। वहीं इनके साथ गाड़ी में एक कुत्ता भी थी, जिसकी भी डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना का पता लगते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची क्रेन की मदद से गोमती नदी में डूबी कार को बाहर निकाला गया।

## लखनऊ, बरेली और मुरादाबाद में आईटी की सर्वे

संवाददाता

### फर्नीचर कारोबारियों के दुकानों पर टीम ने किया सर्वे



**लखनऊ।** लखनऊ, बरेली और मुरादाबाद में इनकम टैक्स की टीम ने सर्वे किया। बताया जा रहा है कि तीनों शहरों में फर्नीचर कारोबारियों के दुकानों पर सर्वे हुआ। लखनऊ में नाका इलाके में डीएवी कॉलेज के पास शकुंतलम प्लाईवुड के टीम ने सर्वे की। बताया जा रहा है कि शकुंतलम प्लाईवुड की दुकान खुलने से पहले टीम पहुंच गई। उसके बाद पूरी तरह से अंदर से लोगों का बाहर निकलना या बाहर से किसी का अंदर जाना बंद कर दिया गया है। इनके कागजों की जांच की जा रही है। इनकम टैक्स से जुड़े सूत्रों ने बताया कि काफी दिन से यूपी में फर्नीचर कारोबारियों के यहां सर्वे की तैयारी चल रही थी। उसके बाद तीन बड़े शहरों में एक साथ सर्वे हुआ है। बरेली और मुरादाबाद में भी जो टीम गई है, उसको मगंलवार रात को मुरादाबार में ही ठहराया गया था। इससे पहले यूपी में जीएसटी ने भी फर्नीचर और सरिया कारोबारियों के यहां सर्वे की थी। उस दौरान पूरे प्रदेश के 71 जिलों में सर्वे गया था। उस दौरान करीब 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की जीएसटी चोरी पकड़ी गई थी। व्यापारियों ने इसका विरोध किया था तो अघोषित छापेमारी बंद कर दी गई। मगर अब आईटीकी सर्वे शुरू हो गई है। फर्नीचर में 18: जीएसटी लगती है। इसमें बड़े स्तर पर खेल कर टैक्स की चोरी होती है। साथ-साथ जीएसटी भुगतान से बचने के लिए कागजों पर बिजनेस नहीं किया जाता है। ऐसे में अगर एक लाख का माल बेचा जाता है तो उसमें 18 हजार रुपए तक की चोरी हो जाती है। फर्नीचर और प्लाईवुड कारोबारियों पर इसलिए सरकार ने जीएसटी और आईटीके माध्यम से सर्वे करना शुरू किया है। नाका के कारोबारियों ने बताया कि एक दशक पहले

## यूपी में 12 नए एयरपोर्ट की सौगात जल्द

### कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा 15 महीने के अंदर जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा शुरू

संवाददाता



**लखनऊ।** नोएडा में बनने वाला जेवर एयरपोर्ट साल 2024 की पहली तिमाही तक पूरी तरह से शुरू हो जाएगा। ऐसे में अगल 15 महीनें के अंदर यूपी के लोगों को इंटरनेशन एयरपोर्ट का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसके अलाव जल्द ही 12 नए एयरपोर्ट मिलेंगे। ऐसे में उप्र देश का एक मात्र प्रदेश होगा जहां एयरपोर्ट की संख्या 21 हो जाएगी। अभी यूपी में 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पहला चरण 2024 की पहली तिमाही में शुरू हो जाएगा। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बौमा कॉनएक्सपो की तरफ से लखनऊ में आयोजित रोड शो में कही। उन्होंने बताया कि विदेशों में हुए रोड शो के दौरान कई कंपनियों के साथ निवेश के लिए एमओयू साइन हुआ है। यूपी दुनिया की बड़ी कंपनियों के लिए निवेश का डेस्टिनेशन बन रहा है। उम्मीद है कि इससे बड़े स्तर पर यूपी के लोगों को रोजगार भी मिलेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सपा और बसपा के समय केवल यूपी में माफियाओं का राज्य था, अब प्रदेश में सिर्फ और सिर्फ विकास की बातें हो रही है।

उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे और 6 निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे बनने के बाद पूरे देश का 50 प्रतिशत से अधिक एक्सप्रेस-वे नेटवर्क यूपी में होगा। यह देश का सबसे बड़ा प्रदेश होगा। अभी देश का 37.7 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे नेटवर्क यूपी में है। इस दौरान सीएम के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने निवेशकों को प्रदेश में आमंत्रित किया। बौमा कॉनएक्सपो इंडिया के सीईओ भूपिंदर सिंह ने कहा कि एक्सपो का आयोजन 31 जनवरी से 3 फरवरी तक ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। जिसमें देश और दुनिया की 600 से

## जलभराव की समस्याओं को लेकर महिलाओं का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**उरई/जालौन।** जालौन के उरई में जलभराव की समस्याओं को लेकर महिलाएं उरई के कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया। समस्या का समाधान करने की मांग की है। उरई नगर पालिका के वार्ड नंबर-16 नया पटेल नगर की रहने वाली गीता देवी, माला, पूनम, श्रद्धा, दर्शन, रमाकांती, प्रभा, सुनीता, खुशबू वर्मा, गार्गी, रेनू सहित कई महिलाएं जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने जलभराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही महिलाओं ने बताया कि मकान के सामने नालियों का पानी भरा रहता है। जिस कारण यह पानी मकानों के अंदर आ रहा है। जिससे हम लोगों को निकलने में समस्या हो रही है। इतना ही नहीं सीवर का पानी भी उनके घरों में जाने लगा है। जिस कारण बदबू से भी बुरा हाल है। कई बार नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को इस बारे में प्रार्थना पत्र दिया। वार्ड मेंबर को भी इस बारे में अवगत कराया। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द नाली खुदवाने की व्यवस्था कराई जाए। जिससे पानी निकासी हो सके। घरों में गंदा पानी न घुस सके। महिलाओं ने कहा कि यदि इस समस्या का समाधान जल्द नहीं होता है तो वह कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

**उरई/जालौन।** जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसा कुठौंद थाना क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के 220 किलोमीटर के पास हुआ। जहां घना कोहरा होने के कारण मंगलवार देर शाम को बाइक से जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। साथ ही बाइक सवार युवक सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया और खून ज्यादा बहने से उसकी मौत हो गई। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की पेट्रोलिंग टीम ने खून से लथपथ शव देखा तो कुठौंद पुलिस को सूचना दी, साथ ही उसे एम्बुलेंस की मदद से स्वास्थ्य केंद्र जालौन लेकर आये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में कुठौंद के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी का कहना है कि बाइक के आधार पर और उसके पास एआरटीओ उरई का चालान मिलने पर शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

## आग से गृहस्थी खाक, पांच बकरियों की मौत

**उरई/जालौन।** छिरिया सलेमपुर में मंगलवार देर रात घर में लगी आग की चपेट में आकर पांच बकरियों की मौत हो गई। गृहस्वामी की गृहस्थी और पंक्चर बनाने की दुकान जलकर खाक हो गई। प्रधान ने परिवार की आर्थिक मदद कर राहत पहुंचाई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी राजू सड़क किनारे पंक्चर की दुकान चलाता है। दुकान के पीछे उसका घर है। मंगलवार की रात परिवार के लोग खाना खा पीकर सो गए। देर रात धुएं से दम घुटने पर उसकी आंख खुली तो घर में आग लगी थी। परिवार के सदस्य जैसे तैसे बाहर निकल आए। घर के अंदर सात बकरियां बंधी हुई थीं, जिनकी आग से जलकर मौत हो गई। दो बकरियां झुलस गई।

## मारपीट के सात मामलों में 26 पर केस

**बस्ती।** जिले के सात अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न कारणों से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर 26 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। ये मामले कोतवाली, वाल्टरगंज, पैकोलिया, कलवारी, मुंडेरवा थाने से संबंधित हैं। कोतवाली क्षेत्र के मालवीय रोड करतार टाकीज के सामने रुपये मांगने की बात पर मारपीट हो गई। इसमें गांधीनगर पिकौरा दत्तूराय निवासी गगन चौधरी ने मोहल्ले के तबरेज अंसारी, सूरज, रामपुर रेवली निवासी जावेद व दो-तीन लोग अन्य पर आरोप लगाया कि इन लोगों ने मिलकर उन्हें पीटा, जिससे वह बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर उन्हें घर पहुंचाया। वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने चाईबारी निवासी विश्वनाथ सिंह की तहरीर पर गांव के अमित सिंह व आदित्य सिंह पर मुकदमा दर्ज किया है। उनका कहना है कि जिला मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा शिकायतों की जांच करने आए थे। उसी दौरान इन लोगों ने अपशब्द कहा और जान से मारने की धमकी दी। इसी थाने के गनेशपुर निकट केंद्रीय विद्यालय पर अचानक आकर पीटने, धमकी देने व अपशब्द कहने के मामले में निखिल यादव निवासी शेखपुरा गनेशपुर थाना वाल्टरगंज ने अभिषेक मिश्रा, हिमांशु शुक्ला व वैभव पांडेय पर मुकदमा दर्ज कराया। पैकोलिया थाने के बेलघाट में गांव में मारपीट के मामले में एक महिला ने गांव के नीने यादव पर मुकदमा दर्ज कराया है। इसी थाने के आमभारी गांव में जमीन की रंजिश में अपशब्द कहने, पीटने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में रामू, धनपत्ता, सुरेंद्र व बेचू पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कलवारी थाने के मिश्रौलिया में मारपीट के मामले में राम सुंदर, राम मगन, संजय व शिवमूरत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी मामले में दूसरे पक्ष के राम सुंदर ने राम सहाय, इंद्रावती, राम सहाय की औरत और जुग्गीलाल निवासी भगवंतपुर थाना कलवारी पर मुकदमा दर्ज कराया है। मुंडेरवा थाने की पुलिस ने हल्लौर नगरा में पारिवारिक विवाद में मारपीट के मामले में जितेंद्र की तहरीर पर विरेंद्र पर मुकदमा दर्ज किया है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में साड़ी से जुड़े कई खेल भी रखे गये, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

# अन्तर्राष्ट्रीय साड़ी दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ में मनाया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता



**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय साड़ी दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ चैप्टर द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुनकरों, कारीगरों को प्रोत्साहन के साथ-साथ साड़ी परिधान को प्रचलित करना भी था। फैशन के आगे भागती दुनिया साड़ी जैसे पारम्परिक परिधान की गरिमा संरक्षित करने का कार्य द्वारा किया जा रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय साड़ी दिवस के उपलक्ष्य में का आयोजन - उदयपुर, लखनऊ, बैंगलोर, मुंबई जैसे शहरों में एक साथ कराया गया।

संरक्षिका अपर्णा मिश्रा जो बैंगलोर में रहती हैं, उनके द्वारा बताया गया कि महिलाओं पर वेस्टर्न कल्चर हावी होता जा रहा है। साड़ी पहनने में उन्हें शर्म महसूस होती है। महिलाओं में साड़ी के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने और भारतीय परिधान की खूबसूरती से परिचित कराने के लिए ग्रुप की स्थापना 2019 में भारत के 18 शहरों में की गयी। इस ग्रुप में भारत के विभिन्न प्रान्तों से करीब 10 हजार महिलायें फेसबुक एवं इंस्टाग्राम के जरिये जुड़ी हुई हैं, जिनका उद्देश्य पारम्परिक साड़ी परिधान की गरिमा एवं लोकप्रियता को बढ़ाना एवं साड़ी बुनकरों एवं कारीगरों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं का निराकरण एवं उनके कार्य का प्रोत्साहन करना भी है।

लखनऊ चैप्टर के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होटल ग्रांड जेबीआर में किया गया। जिसमें लगभग 50 महिलाओं ने पारम्परिक रेशम साड़ियाँ पहनकर रैम्प वॉक किया। साथ ही महिलाओं को विभिन्न प्रान्तों की साड़ियों के प्रकार एवं पहनने का तरीका भी बताया गया। महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़े, इसलिए रैम्प वॉक के साथ-साथ उन्हें मंच पर से अपनी साड़ी से जुड़ी कहानी को भी साझा करने का कार्यक्रम रखा गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में साड़ी से जुड़े कई खेल भी रखे गये, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप विभिन्न प्रान्तों की साड़ियाँ दी गयी।

कार्यक्रम का सफल संचालन दिव्या भट्टाचार्य (नाट्यकर्मी, अभिनेत्री, लेखिका) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन अनुपमा सिंह, रेखा कुमार, डा0 शालिनी वर्मा, रेनू जौहरी, डा0 प्रियंका गुप्ता, रोली सिंह चौहान के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सम्मानित होंगे प्रगतिशील किसान

**बांदा।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर 23 दिसंबर को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जिले के प्रगतिशील किसानो का सम्मान किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने बताया कि बांदा नगर की कमिश्नरी कंपाउंड में स्थित कृषि भवन परिसर में 23 दिसंबर को किसान सम्मान समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर एक विशाल कृषि मेले का आयोजन होगा और कृषि गोष्ठी आयोजित कर कृषकों को सरकारी योजनाओं व नवीनतम कृषि पद्धति की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जाएगा, जिससे वे लाभान्वित हो सके।उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कृषि उद्यान ,पशुपालन मत्स्य व दुग्ध का सर्वाधिक उत्पादन करने वाले प्रगतिशील कृषकों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव,परिजन बोले, दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित

**बांदा।** जिले में बुधवार को एक युवती का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पड़ोसियों के सूचना पर मौके पर परिजन पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, युवती के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। युवती के ससुराल पक्ष के लोग फरार है। युवती की शादी फरवरी 2022 में हुई थी शादी। मामला तिंदवारी थाना के कस्बे का है। यहां प्रियांशु गुप्ता की पत्नी का शव बुधवार को फांसी के फंदे पर लटका मिला। पड़ोसियों को जब इस बाबत जानकारी हुई तो युवती के परिजनों को सूचना दी। साथ ही पुलिस को इस मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। युवती की मां ने बताया कि फरवरी 2022 में उन्होंने अपनी बेटी की शादी प्रियांशु से की थी। शादी के कुछ समय बाद ही उनकी बेटी को ससुरालियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर युवती के ससुरालियों पर कार्रवाई की मांग की। अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि युवती के परिजनों ने तहरीर दी है। मामला दर्ज कर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

### आवासों के बाद अब मनरेगा मजदूरी की होगी वसूली

**बांदा।** अपात्रों को दिए गए पीएम आवास की वसूली के बाद मनरेगा ने भी आवास निर्माण में दी गई मजदूरी की वसूली की कवायद तेज कर दी है।

जिले में पिछले दिनों जांच में दो दर्जन से अधिक पीएम आवासों का आवंटन अपात्रों को किए जाने मामला खुलने पर जिलाधिकारी ने सचिवों से वसूली के निर्देश दिए थे। जिसमें आधा दर्जन सचिवों से वसूली का काम पूरा कर लिया गया। पांच सचिवों से वसूली का प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इधर, मनरेगा उपायुक्त राघवेंद्र तिवारी ने खंड विकास अधिकारियों को भेजे आदेशों में कहा कि जसपुरा ब्लाक के रामपुर सचिव पूजा सिंह, गौरीकला के सचिव दिनेश कुमार तिंदवारी के परसौडा सचिव विनोद झा, भिडौरा के सचिव रामचंदर नरैनी के पौहार सचिव विंधवासिनी, पथरा सचिव शशि प्रकाश, बघेलाबारी सचिव अनुज कुमार, जमवारा सचिव रमेश कुशवाहा, महुआ के रिसौरा सचिव अनिरूद्ध सिंह मसुरी के विचित्र वीर सिंह, बडोखर के गुरेह सचिव अनिल सिंह पर अपात्रों को पीएम आवास दिए जाने पर करीब 20 लाख की रिकवरी निकली है। जिसमें अभी कई सचिवों की वसूली लंबित है। इन्होंने आवासों के निर्माण में मनरेगा की मजदूरी दी हो तो उसकी भी वसूली कराई जाए।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिला राष्ट्रीय वैश्य परिषद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय वैश्य परिषद की प्रदेश महिला अध्यक्ष जयश्री प्रिया गुप्ता ने आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा से मिल कर विराज सागर दास को भाजपा से लखनऊ का मेयर प्रत्याशी बनाए जाने के लिए गुहार लगाई। राष्ट्रीय वैश्य परिषद की प्रदेश महिला अध्यक्ष जयश्री प्रिया गुप्ता ने विराज सागर दास को भाजपा से लखनऊ का मेयर प्रत्याशी बनाए जाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा से मिलकर उनको पत्र दिया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वैश्य समाज से भागीदारी के लिए विराज सागर दास के कार्यों को देखते हुए भाजपा, लखनऊ के मेयर प्रत्याशी के लिए जरूर विचार करेगी। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने भी विराज सागर दास को भारतीय जनता पार्टी से लखनऊ का मेयर प्रत्याशी बनाए जाने के सन्दर्भ में आश्वासन दिया। इस अवसर पर जयश्री प्रिया गुप्ता, अजय दीप संग राष्ट्रीय वैश्य परिषद के तमाम लोग उपस्थित थे।

### मंडल के 913 स्ध्कूली वाहन चालकों का नहीं हुआ सत्यापन

**बस्ती।** पुलिस के पेंच में 9 सौ से अधिक स्कूली ड्राइवर का चरित्र सत्यापन फंस गया है। पुलिस विभाग की ढुलमुल कार्य प्रणाली के चलते मंडल के 913 स्कूली बस चालकों का चरित्र व डीएल का सत्यापन नहीं हो सका है। इससे यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है कि अभिभावकों के बच्चों को स्कूल तक लाने और ले जाने वाला चालक अपराधी है या ईमानदार। स्कूली वाहनों में घटने वाली आपराधिक घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट व भारत सरकार के निर्देशानुसार सभी स्कूल वाहनों के चालकों का डीएल व चरित्र सत्यापन करवाना अनिवार्य किया गया है। इसके तहत स्ध्कूली वाहनों के चालकों का चरित्र एवं डीएल का सत्यापन कराया जा रहा है। लेकिन अभी भी बस्ती मंडल के कुल 1924 स्कूली वाहनों में से 913 चालकों का चरित्र व डीएल सत्यापन नहीं हो सका है। इनमें सबसे अधिक बस्ती में 852 के सापेक्ष 487, संतकबीरनगर में 542 के सापेक्ष 343, सिद्धार्थनगर में 530 के सापेक्ष 73 चालक शामिल हैं, जिनका अभी तक न तो चरित्र सत्यापन हो सका है और न ही उनके डीएल को सत्यापित करने की जहमत उठाई गई है। अधिकांश स्ध्कूली वाहन चालकों के अनुसार, उनको सबसे अधिक परेशानी थानों पर हो रही है। चरित्र सत्यापन के लिए उन्हें बेवजह दौड़ाकर परेशान किया जाता है।बस्ती मंडल के आरटीओ प्रशासन रविकांत शुक्ला ने बताया कि इस बारे में डीआईजी स्तर पर वार्ता हुई है। इसके बावजूद तीनों जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर सत्यापन में सहयोग करने को कहा गया है।

### ससुराल में पकड़ा गया गैंगस्टर

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने कोतवाली के इनामिया गैंगस्टर को उसकी ससुराल से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली में उसके खिलाफगैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज है। उसकी तफ्तीश वाल्टरगंज थानाध्यक्ष कर रहे हैं। आरोपी राजू गौड़ पर एसपी आशीष श्रीवास्तव ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर राजू गौड़ को सोमवार को उसकी ससुराल बभनगावां से गिरफ्तार कर लिया गया। एसओ ने बताया कि आरोपी राजू निवासी कंजड़ टोला, थाना कोतवाली के खिलाफपिछले वर्ष चोरी व सामान बरामदगी के आरोप में कुल पांच केस दर्ज हैं। इस साल उसके खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई कोतवाली पुलिस ने की थी। तभी से राजू गौड़ फरार रहा था।

### निर्माण कंपनी के कर्मचारियों में मारपीट, फायरिंग

**बस्ती।** दुबौलिया कस्बे में रामजानकी मार्ग के कटरिया मार्ग तिराहे पर मंगलवार की रात साढ़े नौ बजे सड़क निर्माण से संबंधित कंपनी के कर्मचारियों की आपस में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान हवाई फायरिंग भी की बात कही जा रही है। इससे कस्बे के लोग दहशत में आ गए। घटना की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए। मौके से दो घायलों को अस्पताल भेजा।

# मांडविया ने राहुल गांधी को लिखा पत्र, कहा-कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा सकता तो निलंबित करें 'भारत जोड़ो यात्रा

## दूसरे राज्यों से लोग मार्च में भाग लेने के लिए राजस्थान आ रहे हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन सांसदों द्वारा कोरोना वायरस के प्रसार को लेकर चिंता जताए जाने का हवाला देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से अनुरोध किया कि अगर कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा सकता तो वह 'भारत जोड़ो यात्राश् निलंबित करने पर विचार करें। गांधी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मंगलवार को लिखे पत्र में मांडविया ने कहा कि राजस्थान के तीन सांसद पी पी चौधरी, निहाल चंद और देवजी पटेल ने चिंताएं व्यक्त की हैं और उनसे अनुरोध किया है कि मार्च के दौरान मास्क तथा सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने समेत कोविड



प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाए और टीके की खुराक लेने वाले लोगों को ही पदयात्रा में भाग लेने की अनुमति दी जाए।

भारत जोड़ो यात्रा ने बुधवार को राजस्थान से हरियाणा में प्रवेश किया। सांसदों ने केंद्रीय मंत्री से यह सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया है कि मार्च में भाग लेने से पहले तथा बाद में, इसमें हिस्सा लेने वाले लोगों को पृथकवास में रखा जाए। मांडविया ने गांधी और गहलोत से राजस्थान में तीन सांसदों द्वारा किए गए अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। तीन सांसदों के हस्ताक्षर वाले पत्र का हवाला देते हुए मांडविया ने कहा कि उन्होंने मांग की है कि अगर जन स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के मद्देनजर कोविड प्रोटोकॉल का पालन संभव नहीं है तो राष्ट्रीय हित में यात्रा निलंबित की जाए। तीनों सांसदों ने 20 दिसंबर को लिखे अपने पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि कैसे कोविड का खतरा 'बढ़' गया है क्योंकि दूसरे राज्यों से लोग मार्च में भाग लेने के लिए राजस्थान आ रहे हैं और उन्होंने दावा किया कि यात्रा में भाग लेने के बाद कई लोगों में संक्रमण के लक्षण दिखे हैं। सांसदों ने यह भी कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने के बाद हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए।

### स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत की कोविड स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों से की मीटिंग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को भारत में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। यह मीटिंग चीन, जापान, अमेरिका और ब्राजील सहित अन्य देशों में कोविड मामलों में अचानक वृद्धि की खबरों के बीच हुई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने कहा कि बैठक अन्य देशों में कोविड-19 की स्थिति और भारत के लिए क्या किया जाना चाहिए, इस पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक बुधवार सुबह 11रू30 बजे शुरू हुई। पवार ने मीडियाकर्मियों से कहा, 'जीनोम अनुक्रमण करने के लिए कल दिशानिर्देश जारी किए गए थे।श् बैठक में भाग लेने वालों में स्वास्थ्य सचिव, आयुष, फार्मास्यूटिकल्स विभाग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक राजीव बहल, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वीके पॉल और टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में कहा था कि जापान, अमेरिका, कोरिया, ब्राजील और चीन में अचानक तेजी से बढ़ रहे मामलों को देखते हुए पॉजिटिव मामलों के नमूनों के पूरे जीनोम अनुक्रमण को तैयार करना आवश्यक है।

## दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में कोहरा, रेल और सड़क यातायात प्रभावित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में बुधवार सुबह मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर 400 मीटर तक रह गई और रेल एवं सड़क यातायात प्रभावित हुआ। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि लगभग 18 ट्रेन डेढ़ से पांच घंटे की देरी से चल रही हैं। हालांकि, एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों का परिचालन सामान्य है। अधिकारी के मुताबिक, चंडीगढ़, वाराणसी और लखनऊ में खराब मौसम के कारण मंगलवार रात तीन उड़ानों को दिल्ली हवाई अड्डे पर लौटा दिया गया या उनका मार्ग बदल दिया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, मंगलवार देर रात ढाई बजे पालम हवाई अड्डे पर दृश्यता का स्तर सबसे कम 400 मीटर दर्ज किया गया। वहीं, बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे सफ्दरजंग हवाई अड्डे पर दृश्यता घटकर 500 मीटर रह गई। मंगलवार को इन दोनों जगहों पर दृश्यता घटकर 50 मीटर तक हो गई थी। आईएमडी के एक अधिकारी ने पिछले 24 घंटों में दृश्यता में सुधार के लिए मध्य क्षोभमंडल स्तर पर बहने वाली दक्षिण पश्चिमी हवाओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि इन हवाओं के चलते तापमान में वृद्धि भी दर्ज की गई है। हालांकि, कम तापमान, उच्च नमी और स्थिर हवाओं के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर-पश्चिम राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में आसमान में घने से बहुत घने कोहरे की परत बरकरार है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे बठिंडा में दृश्यता शून्यय अमृतसर में 25 मीटर तथा अंबाला में 50 मीटर दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशरू 5 डिग्री सेल्सियस और 20 डिग्री सेल्सियस तक गिरने का पूर्वानुमान है।

## चीन अतिक्रमण पर संसद में चर्चा से सरकार का इनकार लोकतंत्र का अनादर : सोनिया गांधी

नयी दिल्ली कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सीमा पर 'चीन के अतिक्रमणश् पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि इस महत्वपूर्ण विषय पर सरकार द्वारा संसद में चर्चा कराने से इनकार करना लोकतंत्र का अनादर है तथा इससे उसकी नीयत पता चलती है। उन्होंने पार्टी संसदीय दल की बैठक में यह आरोप भी लगाया कि कि महत्वपूर्ण विषयों पर चुप्पी साध लेना इस सरकार की पहचान बन गई है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूरा देश भारतीय जवानों के साथ खड़ा है, लेकिन सरकार के रुख के कारण राजनीतिक दलों और जनता को वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी नहीं मिल रही है। सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई पार्टी संसदीय दल की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी और कांग्रेस सांसद शामिल हुए। कांग्रेस की



पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''चीन का हमारी सीमा पर लगातार अतिक्रमण करना गंभीर का चिंता का विषय है। पूरा देश हमारे उन सजग जवानों के साथ खड़ा है जिन्होंने चीन के हमलों को मुश्किल हालात में विफल किया है। सरकार इस पर संसद में चर्चा कराने से इनकार कर रही है। इसका नतीजा यह है कि राजनीतिक दल और जनता वास्तविक जमीनी स्थिति को लेकर अनभिज्ञ हैं। उनका कहना था, ''जब बड़ी राष्ट्रीय चुनौती आती है तो संसद को विश्वास में लेने की परंपरा रही है। चर्चा से कई महत्वपूर्ण सवालों पर प्रकाश डाला जा सकता है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया, ''गंभीर राष्ट्रीय चिंता के विषय पर चर्चा से इनकार करना लोकतंत्र के प्रति अनादर और सरकार की नीयत को दर्शाता है। सोनिया गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, ''राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा गर्व का विषय है। यह कांग्रेस पार्टी के संदेश को जनता तक सीधे ले जाने का एक अनोखा प्रयास है...मैं हर उस भारतीय का आभार प्रकट करती हूं जिसने इस यात्रा और इसके बंधुत्व एवं समता के संदेश का समर्थन किया है। सोनिया ने आर्थिक हालात, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''सरकार की तरफसे सबकुठ ठीक होने का दावा किए जाने के बावजूद देश के आर्थिक हालात लगातार चिंताजनक बने हुए हैं। रोजमर्रा की जरूरत की सभी चीजों के दाम असहनीय स्तर तक बढ़ गए हैं जिसका करोड़ों परिवारों पर भारी बोझ पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया, ''लोगों खासकर युवाओं को नौकरी देने में अक्षम रहना इस सरकार की पहचान रही है। प्रधानमंत्री ने भले ही कुछ हजार लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे हों, लेकिन करोड़ों लोगों का भविष्य अनिश्चित है क्योंकि सरकार में रिक्तियां नहीं भरी गई, परीक्षाएं विश्वसनीय नहीं हैं और सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण किया जा रहा है।

## डॉनल्ड ने सचिन से की कोहली की तुलना

एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश के कोच ऐलन डॉनल्ड ने विराट कोहली की तुलना सचिन तेंदुलकर से करते हुए बुधवार को कहा कि कोहली के खिलाफ सटीक गेंदबाजी करना उनकी पहली प्राथमिकता है।

डॉनल्ड ने दूसरे टेस्ट से पहले यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷ वे (केएल राहुल और कोहली) बहुमूल्य विकेट हैं। यह वैसा है जैसे (सचिन) तेंदुलकर क्रीज पर आते हैं। आप जानते हैं कि उनके खिलाफ सही गेंदबाजी करना सबसे पहली प्राथमिकता है। जब कोहली रंग में हों और आप उनके खिलाफ मौका गंवा दें तो आपको भुगतना पड़ता है। ऐसे खिलाड़ी आपको बार बार मौके नहीं देते। डॉनल्ड ने कहा, ÷ मेरे अनुसार हमने कोहली और राहुल के खिलाफ काफी अच्छी गेंदबाजी की। यह लारा के खिलाफ गेंदबाजी करने जैसा है। मैदान पर सहसा ही पारा बढ़ जाता है। मैं जानता हूं कि विराट इस





सीरीज को एक शतक के साथ खत्म करना चाहते हैं लेकिन मुझे लगता है कि हमने उनके खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की है और उम्मीद है कि कल हम इसे जारी रख सकेंगे।

भारत और बंगलादेश गुरुवार से दूसरे टेस्ट मैच में आमने-सामने होंगे। पहले टेस्ट में कोहली और राहुल बड़े रन नहीं बना सके, लेकिन बंगलादेशी गेंदबाजों के विस्मरणीय प्रदर्शन के कारण चेतेश्वर पुजारा (90, 102 नाबाद), शुभमन गिल (110) और श्रेयस अय्यर (86) बड़ी पारियां खेलने में कामयाब रहे थे।

डॉनल्ड ने कहा कि वह अपने गेंदबाजों से आक्रामक प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, जिसके लिये उन्होंने कई बार इंग्लैंड के उदाहरण का भी इस्तेमाल किया है।

डॉनल्ड ने कहा, ÷ मैंने हमेशा पाकिस्तान में इंग्लैंड के गेंदबाजों के प्रदर्शन की मिसाल पेश की है। वह किस तरह अपने आप को मैच में लेकर आते हैं। तीन स्पिनरों के बावजूद, आपके पास एक तेज़ गेंदबाज के रूप में थोड़ा अधिक विस्तृत होने के की आजादी होती है। आप लंबे समय तक शॉर्ट और फुल गेंदबाजी कर सकते हैं। आप चार ओवर के लिये सारे प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷ अगर आपने चटगांव में मोहम्मद सिराज या उमेश यादव की गेंदबाजी देखी हो, तो आपने पाया होगा कि या तो वह छोटी गेंदें फेंक रहे थे या आक्रमण कर रहे थे। उन्होंने कई फील्डर कैच करने के लिये करीब ही खड़े किये हुए थे। हम चाहते हैं कि हम थोड़ा और आक्रमण करें। इन पिचों पर झुककर गेंद से बचना आसान नहीं है, इसलिए यदि आपके पास थोड़ी गति है तो आप थोड़े अधिक आक्रामक हो सकते हैं। बंगलादेश ने चटगांव टेस्ट की पहली पारी में 150 रन पर सिमटने के बाद दूसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 324 रन बनाये, हालांकि तब तक मैच उनके हाथ से निकल चुका था और उन्हें 188 रन की शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## दूसरे टेस्ट से बाहर रह सकते हैं राहुल



**ढाका।** भारत के कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल हाथ में चोट लगने के कारण बंगलादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल की चोट गंभीर नहीं है, हालांकि उनके खेलने पर संदेह है। राठौड़ ने कहा, ÷चोट गंभीर नहीं लग रही। वह ठीक दिख रहे हैं। डॉक्टर चोट को देख रहे हैं, लेकिन उम्मीद है कि वह ठीक होंगे। उल्लेखनीय है कि अंगूठे में चोट लगने के बाद रोहित शर्मा बंगलादेश टेस्ट सीरीज में शामिल नहीं हो सके, जिसके बाद राहुल को कप्तानी सौंपी गयी थी। अगर राहुल गुरुवार को शुरू होने वाले मैच में हिस्सा नहीं लेते हैं तो उपकप्तान चेतेश्वर पुजारा टीम की कमान संभालेंगे।

राहुल का गैर-मौजूदगी में सलामी बल्लेबाज अभिमन्यू ईश्वरन भी भारत के लिये पदार्पण कर सकते हैं।

राष्ट्रीय टीम में अभिमन्यु का चयन भारत-ए में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। उन्होंने भारत-ए की कप्तानी करते हुए बंगलादेश-ए के विरुद्ध दो अनाधिकारिक टेस्ट मैचों में दो शतक बनाये, जबकि इससे पहले उन्होंने विजय हज़ारे ट्रॉफी में बंगाल के लिये भी शतक जड़ा था। भारत चटगांव टेस्ट में बंगलादेश को 188 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे चल रहा है। सीरीज का दूसरा मैच यहां शेरे बंगला स्टेडियम पर गुरुवार से खेला जायेगा।

## एक्वाकनेक्ट ने लोक कैपिटल के नेतृत्व में जुटायी 1.5 करोड़ डॉलर की पूंजी

**नई दिल्ली।** एक्वाकल्चर प्लेटफॉर्म एक्वाकनेक्ट ने लोक कैपिटल के नेतृत्व में लुइस ड्रेफस कंपनी वेंचर्स, सनएट इन्वेस्टमेंट के साथ ओमनिवोर, रिब्राइट पार्टनर्स, फ्लोरिश वेंचर्स, हैच और अन्य डेट निवेशकों सहित मौजूदा निवेशकों की भागीदारी के साथ सीरीज ए फंडिंग राउंड में 1.5 करोड़ डॉलर (120 करोड़ रुपये) की पूंजी जुटाई है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि एक्वाकनेक्ट एआई और सैटेलाइट रिमोट सेंसिंग का उपयोग करने वाले विस्तृत समाधानों के अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए नए फंड का उपयोग करेगा और प्री-हार्वेस्ट और पोस्ट-हार्वेस्ट मत्स्यपालन मूल्य श्रृंखला (इनपुट खुदरा विक्रेताओं, सीफूड खरीदारों और अन्य हितधारकों के लिए) दोनों में अपनी सेवा पेशकशों के दायरे का विस्तार करेगा।

एक्वाकनेक्ट का उद्देश्य पूरे भारत में प्रभाव को बढ़ाने के लिए अपने एक?वापार्टनर नेटवर्क को तीन गुना करके प्री-हार्वेस्ट श्रृंखला में मजबूत होना है। वर्तमान में, कंपनी के पास 500 से अधिक एक्वापार्टनर्स ग्रामीण उद्यमी जो अंतिम चरण तक सहायता प्रदान करते हैं।

## चीन में कोविड के पांव पसारने से घबराया शेयर बाजार

एजेंसी

**मुंबई।** चीन में कोरोना संक्रमण के एक बार फिर से पांव पसारने से दुनिया पर मंदी का खतरा मंडराने की आशंका से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 635.05 अंक अर्थात 1.03 प्रतिशत का गोता लगाकर 61067.24 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई)



का निफ्टी 186.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की गिरावट लेकर 18199.10 अंक पर आ गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तुलना में मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली का दबाव अधिक रहा। इससे मिडकैप 1.40 प्रतिशत गिरकर 25,480.94 अंक और स्मॉलकैप 2.18 प्रतिशत लुढ़ककर 28,949.96 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3665 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2765 में बिकवाली जबकि 786 में लिवाली हुई वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 38 कंपनियां गिरावट पर जबकि 12 तेजी पर रही। विश्लेषकों के अनुसार, चीन में कोविड के एक बार फिर से पांव पसारने से दुनिया पर आर्थिक मंदी का खतरा मंडराने को लेकर निवेशक खासे हताश हैं, जिसका असर दुनिया के सभी बाजारों पर देखा जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में बीएसई के 17 समूह गिर गए। कमोडिटीज 1.91, सीडी 1.61, ऊर्जा 1.75, एफएमसीजी 1.10, वित्तीय सेवाएं 1.75, इंडस्ट्रियल्स 2.13, दूरसंचार 2.32, यूटिलिटीज 2.50, ऑटो 1.30, बैंकिंग 1.67, कैपिटल गुड्स 1.64, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.31, तेल एवं गैस 1.85, पावर 2.40 और रियल्टी समूह के शेयर 1.68 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मिलाजुला रुख रहा।

# देश-विदेश डायरी

### दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में कोहरा, रेल और सड़क यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में बुधवार सुबह मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर 400 मीटर तक रह गई और रेल एवं सड़क यातायात प्रभावित हुआ। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि लगभग 18 ट्रेन डेढ़ से पांच घंटे की देरी से चल रही हैं। हालांकि, एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों का परिचालन सामान्य है। अधिकारी के मुताबिक, चंडीगढ़, वाराणसी और लखनऊ में खराब मौसम के कारण मंगलवार रात तीन उड़ानों को दिल्ली हवाई अड्डे पर लौटा दिया गया या उनका मार्ग बदल दिया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, मंगलवार देर रात ढाई बजे पालम हवाई अड्डे पर दृश्यता का स्तर सबसे कम 400 मीटर दर्ज किया गया। वहीं, बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे सफ्दरजंग हवाई अड्डे पर दृश्यता घटकर 500 मीटर रह गई। मंगलवार को इन दोनों जगहों पर दृश्यता घटकर 50 मीटर तक हो गई थी। आईएमडी के एक अधिकारी ने पिछले 24 घंटों में दृश्यता में सुधार के लिए मध्य क्षोभमंडल स्तर पर बहने वाली दक्षिण पश्चिमी हवाओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि इन हवाओं के चलते तापमान में वृद्धि भी दर्ज की गई है। हालांकि, कम तापमान, उच्च नमी और स्थिर हवाओं के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर-पश्चिम राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में आसमान में घने से बहुत घने कोहरे की परत बरकरार है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे बठिंडा में दृश्यता शून्यय अमृतसर में 25 मीटर तथा अंबाला में 50 मीटर दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशरू 5 डिग्री सेल्सियस और 20 डिग्री सेल्सियस तक गिरने का पूर्वानुमान है।

### बाइडेन प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से किया आग्रह

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बाइडेन प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर अनुरोध किया है कि वह शीर्षक 42 नीति को समाप्त करने के रिपब्लिकन मांग को अस्वीकार करें , जो अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर प्रवासियों के निर्वासन को अधिकृत करती है। अमेरिकी न्याय विभाग ने मंगलवार को एक अदालती दस्तावेज में कहा कि, ÷सरकार का मानना है कि शीर्षक 42 नीति की समाप्ति से व्यवधान और गैरकानूनी रूप से सीमा पार करने के मामलों में वृद्धि होगी। सरकार किसी भी रूप में उस समस्या की गंभीरता को कम नहीं करना चाहती है। लेकिन उस आप्रवासन समस्या का समाधान अनिश्चित काल तक के लिए एक सार्वजनिक-स्वास्थ्य उपाय नहीं हो सकता है जिसे अब सभी मानते हैं कि यह सार्वजनिक-स्वास्थ्य औचित्य समाप्त होना चाहिए। न्याय विभाग ने कहा कि अमेरिका-मेक्सिको सीमा पार करने वाले प्रवासियों में अस्थायी वृद्धि को ध्यान में रखते हुए वह संसाधनों में बढ़ोत्तरी करने और नई नीतियों को लागू करने के लिए तैयार है।

### देश भर में आयोजित 1576 मेलों में 2.5 लाख युवाओं को रोजगार मिलाः केंद्र

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने देश भर में 1576 रोजगार मेले आयोजित किए हैं जिनसे 2.5 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने देश भर में 1576 रोजगार मेले आयोजित किए हैं जिनमें करीब छह लाख लोगों ने अपना पंजीयन कराया और उनमें से 2.5 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ऐसे करीब 200 मेले आयोजित किए गए हैं जिनमें एक लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराया और 52 हजार छात्रों को रोजगार मिले।

चंद्रशेखर ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास के लिए अल्पकालिक व दीर्घकालिक दोनों तरह के 5000 कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम मांग आधारित होते हैं और उद्योगों की मांग को देखते हुए इन्हें तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में उद्योग जगत को सहयोगी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं और नियोक्ता के बीच सेतु के लिए असीम नामक एक पोर्टल भी शुरु किया गया है।

### पीसीबी अध्यक्ष के लिये सेठी की नियुक्ति को शहबाज ने मंजूरी दीः सूत्र

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने पूर्व पत्रकार नजम सेठी को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का नया चेयरमैन नियुक्त करने और रमीज़ राजा को हटाने की मंजूरी दे दी है। 'जियो न्यूज़' ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। जियो न्यूज़ ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय इस नियुक्ति से जुड़ी चार अधिसूचनाएं जारी करेगा। पहली अधिसूचना 2019 के पीसीबी संविधान को समाप्त करने से संबंधित होगी।दूसरी अधिसूचना 2019 के संविधान के तहत अध्यक्ष पद के लिये मनोनीत दो नामों की समाप्ति की सूचना देगा। तीसरी अधिसूचना 2014 के संविधान को बहाल करने की घोषणा करेगी, जबकि चौथी अधिसूचना बोर्ड को चलाने के लिये स्थापित ÷सेट अप÷ से संबंधित होगी। राजा को चेयरमैन पद से हटाने की खबरें पहले भी उठी थीं, हालांकि उन्होंने इन बातों को नकारते हुए कहा था कि वह ÷कहीं नहीं जा रहे हैं।÷ राजा को पद से हटाए जाने की खबरें बाहर आने पर उन्होंने पीसीबी के कर्मचारियों को यह बताने के लिए बुलाया था कि उन्हें काम जारी रखने के लिये सरकार से ÷हरी झंडी÷ मिल गई है। राजा ने पीसीबी के कर्मचारियों से कहा था, मुझसे कहा गया है कि मैं पीसीबी चेयरमैन के तौर पर काम करता रहूं। गौरतलब है कि इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार के दौरान 13 सितंबर, 2021 को राजा निर्विरोध रूप से पीसीबी अध्यक्ष चुने गये थे। एहसान मणि का तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने के बाद पीसीबी का शीर्ष पद खाली हो गया था।

### अमेरिका के कोच का पद छोड़ सकते हैं चंद्रपॉल

**कैलिफोर्निया।** वेस्ट इंडीज के दिग्गज क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपॉल अंडर-19 महिला विश्व कप 2023 के बाद अमेरिकी महिला टीमों के मुख्य कोच का पद छोड़ सकते हैं। अमेरिका क्रिकेट के सूत्रों ने बताया है कि चंद्रपॉल बोर्ड की वर्तमान स्थिति और पेशेवराना अंदाज की कमी से नाखुश हैं, हालांकि चंद्रपॉल ने फिलहाल खुद कोई बयान जारी नहीं किया है। अमेरिका क्रिकेट के एक सूत्र ने कहा, ÷यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि चंद्रपॉल ने अंडर-19 विश्व कप के बाद मुख्य कोच की भूमिका से अलग होने का इरादा किया है। एक खिलाड़ी के रूप में उनका अनुभव और एक कोच के रूप में उनकी विशेषज्ञता का बहुत महत्व है, और इसने अमेरिकी महिला टीम के कोच के रूप में उनके शुरुआती कार्यकाल में परिणाम दिखाना शुरू कर दिया था।

उन्होंने कहा,अमेरिका क्रिकेट का शासी निकाय 2018 के दौरान स्थापना के बाद से कुछ नुकसानों से स्थिर होने की कोशिश कर रहा है। कई कोच, प्रशासक और चुनिंदा स्वतंत्र निदेशक चले गये हैं और इस मोड़ पर शिवनारायण को खोना अमेरिक क्रिकेट के लिये एक बड़ा नुकसान है, इसमें कोई संदेह नहीं। अमेरिका क्रिकेट के बहु-विषयक कोच जतिन पटेल और चंद्रपॉल अटलांटा क्रिकेट लीग (एसीएल) के वार्षिक आयोजन में भाग ले रहे थे, जहां पटेल ने बताया कि चंद्रपॉल अपने कोचिंग कॉन्ट्रैक्ट को समाप्त कर सकते हैं। पटेल ने अमेरिका क्रिकेट के भविष्य पर बातचीत के दौरान कहा, ÷पहले से ही कई प्रसिद्ध कोच नये बोर्ड के आने के बाद से राष्ट्रीय टीम से अलग हो गये हैं। मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 विश्व कप के बाद शिवनारायण अपने अनुबंध को नवीनीकृत करेंगे। मैंने शिवनारायण चंद्रपॉल के प्रबंधक जेरिन चाको से बात की और उन्होंने पुष्टि की है कि वह महिला अंडर-19 विश्व कप के बाद चंद्रपॉल के अनुबंध को बढ़ाने या नवीनीकृत करने पर विचार नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि चंद्रपॉल अमेरिका की महिला टीम और अंडर-19 महिला टीम के कोच हैं। साल 2022 चंद्रपॉल के लिये बतौर कोच सबसे अच्छे वर्षों में से एक रहा है। जुलाई 2022 में उन्होंने कैरिबियन में अमेरिका अंडर-19 महिला टीम को खिताब तक पहुंचाया, जबकि सितंबर 2022 में जमैका तलावाह ने उनकी अगुवाई में कैरिबियाई प्रीमियर लीग जीती।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

CMYK



# 59 वर्ष के हुये गोविंदा



**बॉलीवुड** में अपनी डांसिग स्टाइल और कॉमेडी अभिनय से दर्शको के दिलों मे खास पहचान बनाने वाले गोविंदा आज 59 वर्ष के हो गये। 21 दिसंबर 1963 में जन्में गोविन्दा फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता अरूण आहूजा अभिनेता जबकि मां निर्मला देवी चालीस के दशक में अभिनेता-अभिनेत्री के तौर पर फिल्मों में काम करते थे। बचपन के दिनो से हीं गोविन्दा भी अभिनेता बनने का ख्वाब देखा करते थे।


गोविन्दा ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म इल्जाम से की। इस फिल्म में उन पर फिल्माया यह गीत'स्ट्रीट डांसर 'काफी लोकप्रिय हुआ।इस फिल्म की सफलता के बाद गोविन्दा की छवि एक डांसिग स्टार के रूप में बन गयी और फिल्मकारो ने उनकी इसी छवि को अपनी फिल्मों में जमकर भुनाया। इल्जाम में गोविन्दा की जोड़ी नीलम के साथ काफी पसंद की गयी।इस फिल्म के बाद नीलम और गोविन्दा ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया इन फिल्मों में लव 86.खुदगर्ज,हत्या,सिंदूर,फर्ज की जंग,ताकतवर और दो कैदी शामिल है।

गोविन्दा के सिने सफर में उनकी जोड़ी डेविड धवन के साथ काफी पसंद की गयी। वर्ष 1989 में गोविन्दा ने निर्देशक डेविड धवन के साथ पहली बार ताकतवर में काम किया। इस फिल्म को टिकट खिड़की पर औसत सफलता प्राप्त हुयी लेकिन इस फिल्म के बाद डेविड धवन और गोविंदा की जोड़ी बन गयी और दोनो ने कई फिल्मों में एक साथ काम कर दर्शकों का मनोरंजन किया। वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म 'आंखे'गोविन्दा के सिने करियर की सर्वाधिक कामयाब फिल्म में शुमार की जाती है। इस फिल्म में एक बार फिर गोविन्दा ने अपने पसंदीदा निर्देशक डेविड धवन के साथ काम किया। हास्य से परिपूर्ण इस फिल्म में गोविंदा ने दोहरी भूमिका निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। यह फिल्म भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में ब्लॉक बस्टर फिल्मों में शुमार की जाती है। आंखे की ब्लॉक बस्टर सफलता के बाद गोविन्दा-डेविड की जोड़ी ने एक से बढ़कर एक फिल्म बनाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

इन फिल्मों में कुली नंबर वन,हीरो नंबर वन,साजन चले ससुराल,बड़े मियां छोटे मियां,राजा बाबू,दीवाना मस्ताना,दुल्हे राजा,हसीना मान जायेगी,जोड़ी नंबर वन और पार्टनर आदि शामिल है। 2000 के दशक मे गोविन्दा की फिल्मों को अपेक्षित सफलता नही मिल सकी। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म शिकारी ने गोविन्दा ने अपने सिने करियर का पहला नेगेटिव किरदार निभाया जिसके लिये उन्हें सर्वश्रेष्ठ खलनायक का फिल्म फेयर पुरस्कार भी दिया गया।

गोविन्दा के सिने करियर में उनकी जोड़ी अभिनेत्री करिश्मा कपूर के के साथ काफी पसंद की गयी। उनकी जोड़ी सबसे पहले वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म 'मुकाबला' में एक साथ पसंद की गयी। बाद में उनकी जोड़ी को फिल्मकारों ने अपनी फिल्मों में दुबारा लिया। इन फिल्मों में राजा बाबू,दुलारा, खुद्दार, कुली नंबर वन, साजन चले ससुराल, हीरो नंबर वन, हसीना मान जायेगी ,शिकारी जैसी फिल्में शामिल है। करिश्मा कपूर के अलावा गोविन्दा की जोड़ी किमी काटकर, रवीना टंडन और शिल्पा शेट्टी के साथ भी काफी पसंद की गयी। फिल्मों में कई भूमिकाएं निभाने के बाद गोविन्दा ने समाज सेवा के लिए राजनीति में प्रवेश किया और वर्ष 2004 में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर लोकसभा के सदस्य बने।वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म पार्टनर की सफलता के बाद गोविन्दा एक बार फिर से अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये।गोविन्दा ने अपने तीन दशक के करियर में लगभग 130 फिल्मों में काम किया है। गोविंदा की चर्चित फिल्मों में कुछ है लव 86,जीते है शान से ,हत्या,घर घर की कहानी,जंगबाज,जैसी करनी वैसी भरनी,घराना, ,भाभी,गैंबलर,भागमभाम, होली डे आदि।

# दुनियाभर के 50 महानतम कलाकारों की सूची में शामिल हुये शाहरूख खान



बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान एम्पायर मैगजीन की लिस्ट में दुनिया भर के 50 महानतम कलाकारों की लिस्ट में शामिल किये गये हैं। एम्पायर मैगजीन के अब तक के 50 महानतम कलाकारों की लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत से एकमात्र शाहरुख ऐसे शख्स है, जिसका नाम इसमें शामिल हैं। एम्पायर मैगजीन की लिस्ट में हॉलीवुड के टॉम हैंक्स, डेंजल वाशिंगटन, मर्लिन मुनरो, रॉबर्ट डिनीरो, नेटली पोर्टमैन, हीथ लेजर, टॉम क्रूज, लियोनार्दो डिकैपरियो, सैमुअल एल जैक्सन, निकोलस केज, वियोला डेविस, केट, ब्लेंचेट, मारलोन ब्रांडो, टॉम हार्डी, मेरिल स्ट्रीप, क्रिश्चियन बेल, एंथनी हॉपकिंस, जूलियन मूर, चार्लीज थेरोन, अल पचीनो, पेनेलोप क्रूज, योकिन फीनिक्स, मोरगन फ्रीमैन आदि शामिल हैं। मैगजीन ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की है। यह लिस्ट मैगजीन के फरवरी अंक में छपेगी। हालांकि, ऑनलाइन इसे जारी कर दिया गया है। यह लिस्ट पाठकों की वोटिंग के आधार पर तैयार की गयी है। इस प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए लिखा गया है कि पाठकों से ऐसे अभिनेताओं और सितारों को लेकर वोटिंग करने के लिए कहा गया था, जिन्होंने हमेशा परिणाम दिये हैं, जो गेम चेंजर साबित हुए हैं और जिनके खास टैलेंट को दोहराया नहीं जा सकता है।

# लंदन में मां अमृता सिंह के साथ वेकेशन मना रही है सारा अली खान



**बॉलीवुड** अभिनेत्री सारा अली खान अपनी मां अमृता सिंह के साथ लंदन में वेकेशन मना रही है।

सारा अली खान को जब कभी काम से फुर्सत मिलती है तब वह सैर-सपाटे पर निकल पड़ती हैं। इस बार सारा अपनी मां अमृता सिंह के साथ विंटर वेकेशन पर गयी है।छुट्टियां बिताने के लिए सारा अली खान लंदन पहुंची हुई हैं। सारा अली खान ने वेकेशन की तस्वीरें और फोटो अपने इंस्टा हैंडल के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट की है। पहली तस्वीर में सारा पिंक कलर के जिम वेयर में नजर आ रही हैं और उनके साथ अमृता सिंह भी दिख रही हैं, जिन्होंने ब्लैक कलर का लॉग जैकेट कैरी किया है।

सारा अली खान का दूसरा पोस्ट उनका स्विमिंग पूल वीडियो है। वीडियो में सारा रेड बिकिनी में पूल से बाहर आते हुए दिख रही हैं। उन्होंने अपने इंडोर स्विमिंग पूल की भी कुछ तस्वीरें पोस्ट की है। इसके साथ ही सारा ने कैप्शन में कहा,खुशी, शांति और आराम।सारा ने आगे की तस्वीर में सनसेट का वीडियो शेयर किया है।वीडियो में सारा ने हरे- भरे गार्डन का एक खूबसूरत नजारा दिखाया। सारा का आखिरी पोस्ट उनके डिनर का है। इस तस्वीर में उनके टेबल पर कई अलग-अलग तरह की डिशेज नजर आ रही है। इसके साथ ही कैप्शन में सारा ने बताया कि वह इस वक्त जमकर खाने के मूड में हैं।

# देवोलीना भट्टाचार्जी ने शादी कर तोड़ा केआरके का दिल? केआरके ने पूछा आपने मुझे रिजेक्ट क्यों किया

**बॉलीवुड** सेलेब्स की जिन्दगी हराम करने वाले केआरके ने अब टीवी की एक हसीना के रिश्ते पर सरेआम सवाल उठा डाले हैं। अब केआरके के निशाने पर हाल ही में दुल्हन बनी टीवी की मशहूर गोपी बहू यानी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी आ गई हैं। दरअसल, देवोलीना भट्टाचार्जी की शादी की खबर केआरके को रास नहीं आई। जिसके बाद उन्होंने एक्ट्रेस के रिश्ते पर सवाल उठाएं और साथ ही उनके पति को लेकर कुछ ऐसा कह दिया है जिसके बाद हर कोई दंग रह गया। आपको बता दें, देवोलीना ने गुपचुप शादी कर फैंस को बड़ा झटका दिया है। वहीं, केआरके भी एक्ट्रेस की शादी से खुश नजर नहीं आ रहे। इसी बीच उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 6 दिन पहले तक देवोलीना, विशाल के साथ शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार थीं। लेकिन आज उसकी शादी शाहनवाज शेख से हो गई! क्यों? यानी विशाल और देवलीना के बीच कुछ बड़ा हुआ है। केआरके के इस ट्वीट ने कई लोगों के मन में शक पैदा कर दिया। वहीं, दूसरी तरफदेवोलीना भट्टाचार्जी खुद को केआरके को जवाब देने से रोक नहीं पाई। सभी को लगा कि अब तो ट्विटर पर हंगामा होगा। केआरके और देवोलीना भट्टाचार्जी के बीच जबरदस्त झड़प देखने को मिलेगा क्योंकि अभी-अभी शादी के बंधन में बंधी एक्ट्रेस के रिश्ते के ऊपर किसी ने कमेंट किया है। लेकिन मामला तो पूरा उल्टा ही नजर आया।

देवोलीना ने केआरके को जवाब तो दिया लेकिन प्यार से। एक्ट्रेस ने लिखा, आप बहुत फनी हैं केआरके3 एनीवे आपका दिन अच्छा रहे। वहीं, एक्ट्रेस को रिप्लाई करते हुए केआरके कुछ ऐसा कह गए कि सभी की आंखें खुली रह गई। केआरके की मानें तो वो देवोलीना भट्टाचार्जी ने उनका दिल तोड़ दिया है। कम से कम केआरके के ट्वीट को देखकर तो ऐसा ही लग रहा है। केआरके ने अपने वायरल ट्वीट में लिखा, अरे शादी और फ्यूचर मैरिड लाइफ के लिए बधाई। लेकिन मेरा यकीन मानों मैं शाहनवाज शेख से 1000ः बेहतर हूं।

# डायबिटीज रोगियों के लिए वरदान है गाजर, सर्दियों में खाने से मिलेंगे ढेरों लाभ

कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। ऐसे में इस मौसम में सबसे पहले शरीर प्रभावित होता है, सर्दियों में इम्यून पावर कमजोर होने के कारण कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं। मौसमी बीमारियों से बचाव करने के लिए मौसमी सब्जियां जैसे गाजर को आप अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। गाजर में विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन -के,फोलेट, पोटेशियम, आयरन, कॉपर, मैंगनीज, खनीज जैसे विटामिन्स पाए जाते हैं जो मौसमी बीमारियों से बचने में मदद करते हैं। गाजर का नियमित सेवन करके आप अपनी इम्यून पावर मजबूत कर सकते हैं। इसमें विटामिन-सी काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो आपकी इम्यूनिटी मजबूत करने में मदद करता है। तो चलिए आपको बताते हैं इसे खाने के फायदे के बारे में...

**पाचन संबंधी समस्याएं करे दूर**

गाजर में फाइबर की मात्रा काफी अच्छी पाई जाती है। यदि आपको पाचन संबंधी समस्याएं हैं तो आप गाजर का सेवन कर सकते हैं। गाजर के जूस में काला नमक, धनिया पत्ती, भुना जीरा, काली मिर्च और नींबू का रस मिलाकर पीने से आपका पाचन तंत्र मजबूत होगा। इसके अलावा अपच, पेट संबंधी समस्याओं से भी छुटकारा मिलेगा।

**कैंसर का खतरा करे कम**

शोध के अनुसार, गाजर में फाल्केरिनोल नाम का एक प्राकृतिक कीटनाशक पाया जाता है जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा गाजर में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा काफी अच्छी पाई जाती है जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद करती है।

**इम्यूनिटी करे मजबूत**

गाजर में पाए जाने वाले पोषक तत्व आपकी इम्यूनिटी मजबूत करने में मदद करते हैं। इसमें पाए जाने वाला विटामिन-ए, विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट आपकी इम्यूनिटी मजबूत रखते हैं।

**वजन करे कम**

मोटापा कम करने के लिए आप गाजर का सेवन कर सकते हैं। इससे आपका मेटाबॉलिज्म भी नियंत्रित रहता है जो वजन कम करने में सहायता करता है। आप गाजर का जूस, सलाद, सूप बनाकर पी सकते हैं।

**आंखों के लिए फायदेमंद**



गाजर खाने से आंखों की रोशनी भी अच्छी रहती है। इसमें बीटा कैरोटिन पाया जाता है जो आपकी आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। यदि आपकी आंखे कमजोर हैं तो आप गाजर को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

**हार्ट को रखे हैल्दी**

गाजर हार्ट के लिए बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है। इसका सेवन करने से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। यदि आप हार्ट संबधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं तो गाजर का सेवन कर सकते हैं।

**डायबिटीज के रोगियों के लिए वरदान**

गाजर का सेवन करके आप डायबिटीज जैसी बीमारी पर भी नियंत्रण पा सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला विटामिन-ए और बीटा कैरोटीन डायबिटीज के खतरे को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा गाजर खाने से आपका ब्लड शुगर लेवल भी कंट्रोल में रहता है।

# कई रोगों का रामबाण इलाज है पान का पत्ता, जानिए इसका सेवन करने के फायदे

**भारतीय** लोगों में से बहुत से लोग पान का सेवन करते हैं। पान खाना एक बुरी आदत भी माना जाता है लेकिन इसे खाने के कुछ फायदे भी हैं। बहुत से लोग अपने मेहमानों को पान का सेवन करवाते हैं। इसकी पत्तियां थोड़ी कड़वी होती हैं लेकिन इसकी पत्तियों का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद होता है। पत्तियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। पान के पत्ते में टैनिन, प्रोपेन, एल्केलॉयड और फिनाइल जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। पान के पत्तों का सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिलती है। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

**मुंह की दुर्गंध होती है दूर**

भोजन के बाद थोड़ी मात्रा में पान के पत्तों का सेवन करने से आंतें स्वस्थ रहती हैं। इसके अलावा सांसों की दुर्गंध, मुंह की दुर्गंध, दांतों के दर्द, मसूड़ों के दर्द, सूजन और मुंह के इंफेक्शन जैसी समस्याएं भी दूर होती है।

**पान में मौजूद गुण**

पान स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें एंटीकैंसर, एंटीऑक्सीडेंट्, एंटीएलर्जिक, एंटीफंगल, एंटीडायबिटीक, एंटीमाइक्रोबियल जैसे गुण पाए जाते हैं।

**खाने के बाद करें सेवन**

आयुर्वेद के अनुसार, यदि आप भोजन करने के बाद पान के पत्ते चबाते हैं तो इससे आपकी पाचन क्रिया आसान होती है। पान पाचक रसों के स्राव को बढ़ाता है। इसके अलावा पेट की सूजन, कब्ज, आंतों से संबंधी समस्याओं से भी आपको राहत मिलेगी।

**न खाएं ज्यादा पान**

एक्सपर्ट्स के अनुसार, ज्यादा पान खाने से मुंह का कैंसर कम होता है। इसक अलावा आपको पान चबाने से एलर्जी भी हो सकती है। मीठे पान आपके मसूड़ों में जलन भी पैदा कर सकता है। यदि आप पान ज्यादा



मात्रा में खाते हैं तो इससे आपके जबड़े सख्त हो सकते हैं।

**सांस लेने में हो सकती है तकलीफ**

पान कैफीन और तंबाकू के प्रयोग के जैसा ही प्रभाव आपके शरीर में पैदा कर सकता है जिसके कारण आपको उल्टी, दस्त, मसूड़ों में समस्याएं, सीने में दर्द, दिल की धड़कन का असामान्य होना, ब्लड प्रेशर बढ़ना, सांस लेने में तकलीफ कोमा और मूत्यु जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**दिन में खाएं एक पान**

एक्सपर्ट्स के अनुसार, आप दिन में एक पान का सेवन कर सकते हैं। इससे आपके शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं।

# अंकित गुप्ता को बचाना प्रियंका चहर पर पड़ सकता है भारी, घरवालों के निशाने पर आई एक्ट्रेस



**छोटे** परदे का फेमस रियलिटी शो बिग बॉस आए दिन दर्शकों का रोमांच बढ़ाता हुआ नजर आ रहा हैं। शो में आए दिन नए ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिलते रहते हैं। वही बीते दिन घर में नॉमिनेशन की प्रक्रिया हुई जो काफी ज्यादा विवादों से भरा हुआ था। वही इस प्रक्रिया में सबसे ज्यादा अगर किसी कंटेस्टेंट को टारगेट होते हुए देखा गया तो वो थे अंकित और प्रियंका। वही परिणाम स्वरुप अंकित घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट भी हो चुके हैं। लेकिन अब एक बार फिर बिग बॉस ने गेम पलट दिया हैं। अंकित गुप्ता को बचाने की जिम्मेदारी प्रियंका चहर को शॉप दी हैं। अब आप तो यही सोच रहे होंगे की अब तो प्रियंका, अंकित को सेफकर ही देगी। लेकिन बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट यहां ला दिया जब उन्होंने अंकित को सेफ करने के लिए प्रियंका के सामने ये बड़ा दाव रख दिया। दरअसल बिग बॉस के अपकमिंग एपिसोड का एक वीडियो सामने आया है। जिसमे यह देखने को मिल रहा है की बिग बॉस प्रियंका को कंफेशन रूम में बुलाते हैं और अंकित गुप्ता को बचाने के लिए एक शर्त रखते हैं। वह अंकित गुप्ता और प्राइज मनी में से किसी एक को चुनने के लिए कहते हैं।

बिग बॉस प्रियंका चाहर चौधरी से पूछते हैं कि अगर उन्होंने प्राइज मनी चुनी तो अंकित गुप्ता अभी के अभी घर से बाहर निकल जाएंगे। प्रोमो वीडियो में उनके फैसले से पूरे घरवाले हैरान नजर आए। वहीं फैंस भी इस बात को लेकर चिंता में पड़ गए कि प्रियंका चाहर चौधरी ने अंकित गुप्ता को बचाया या फिर प्राइज मनी चुनी। आपको बता दे की प्राइज मनी की कीमत 25 लाख रूपये हैं। वही अब एक करीबी सूत्र से यह खबर सामने आई है की प्रियंका चाहर चौधरी ने 25 लाख रुपये गंवाते हुए अंकित गुप्ता को बचाने का फैसला किया। इस चीज को लेकर दर्शक यह भी मान रहे हैं कि अब मंडली उनका जीना मुश्किल कर देगी। दरअसल इससे पहले जब साजिद खान ने सौंदर्य और सुम्बुल को बचाने के लिए 25 लाख रूपये गवाएं तब प्रियंका ने पुरे घर में हंगामा मचा दिया था। वही जब शालीन ने दुबारा टीना को बचाने के लिए प्राइज मनी गवाएं थे तब प्रियंका ने एक शब्द नहीं बोला था।

CMYK